धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

13.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पाल्गुन , कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 213




## न्यूज डायरी

### प्लोंजा घाटी में वाहन पलटा 8 जवान घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो घाटी में बुधवार को सीआरपीएफ जवानों को नक्सल विरोधी अभियान से लेकर लौट रहा एक पिकअप वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में सीआरपीएफ 60 बटालियन के 8 जवान गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल जवानों का इलाज चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में चल रहा है। दो जवानों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घायल जवानों में श्वेत बिरुवा, आरसी दास, निरंजन बिनजोग, आर हेंब्रम, सारण गणेश, एके टोप्पो समेत अन्य शामिल हैं। सीआरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार करीब साढ़े बारह बजे सीआरपीएफ 60 बटालियन के करीब 12 जवान अभियान से लौट रहे थे। इस क्रम में वाहन असंतुलित होकर घाटी में पलट गया। सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथल ने रेलवे अस्पताल पहुंचकर इलाजरत घायल जवानों का हाल जाना और चिकित्सकों से जानकारी ली।

### ममता को बड़ा झटका अभिजीत कांग्रेस में गये

**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी कांग्रेस में शामिल हो गये। उन्होंने सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का दामन बुधवार को छोड़ दिया। वह 2021 में टीएमसी में शामिल हुए थे। औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी में लौटने के बाद अभिजीत ने दूसरी पार्टी में शामिल होने को एक बड़ी गलती बताया। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा, अभिजीत के आने से बंगाल में पार्टी और मजबूत होगी।

### भारत ने 16 बांग्लादेशियों को वापस भेजा

**अहमदाबाद।** गुजरात की अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 16 बांग्लादेशी प्रवासियों को निर्वासित कर दिया है। इतना ही नहीं मार्च के अंत तक 36 और लोगों को निर्वासित करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जुलाई 2024 से अब तक गुजरात में दो नाबालिगों समेत कम से कम 52 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है।

### आचार्य सत्येंद्र महाराज नहीं रहे, शोक की लहर

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र कुमार दास महाराज का निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर राष्ट्रपति, पीएम, यूपी के सीएम समेत देश भर के नेताओं और संत समाज ने शोक जताया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सहित अयोध्या धाम के संत-धमार्चायों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया।

## शहीद कैप्टन करमजीत को राज्यपाल समेत सभी ने एयरपोर्ट पर दी श्रद्धांजलि

# आज हजारीबाग में अंत्येष्टि

### 5 अप्रैल को होनी थी शादी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जम्मू कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग (झारखंड) के वीर सपूत कैप्टन करमजीत का पार्थिव शरीर बुधवार की शाम विशेष विमान से रांची लाया गया। रांची एयरपोर्ट पर शहीद कैप्टन को राज्यपाल, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि दी। शहीद की एक झलक पाने को एयरपोर्ट पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के पास मंगलवार को आइइडी धमाके में कैप्टन करमजीत वीरगति को प्राप्त हो हो गये थे। शहीद कैप्टन करमजीत 5 अप्रैल को वह विवाह के बंधन में बनने वाले थे। शादी की तैयारी के लिए वे 10 दिन पहले हजारीबाग में थे। बाद में वे ड्यूटी पर कश्मीर चले गये। 29 मार्च को हजारीबाग में शादी से जुड़ी रस्में निभाई जानी थीं। अप्रैल में जम्मू में ही शादी तय थी। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत हजारीबाग के झूलू पार्क के रहने वाले थे। वे अजिंदर सिंह बक्शी और नीलू बक्शी के इकलौते बेटे थे। रांची एयरपोर्ट पर सेना के अधिकारियों ने भी शहाद को नमन किया और पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित उनके पैतृक आवास पर भेज दिया गया। शहीद कैप्टन करमजीत का अंतिम संस्कार गुरुवार को हजारीबाग में ही किया गायेगा। शहीद कैप्टन का पूरा परिवार हजारीबाग में रहता है। पिता राजेंद्र सिंह हजारीबाग में टेंट हाउस का कारोबार करते हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख

वहीं कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने मरांग बुरु से शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवारजनों को यह पीड़ा सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। सीएम ने कहा, मरांग बुरु शहीद जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### पिता को शहादत पर गर्व

जैसे ही झारखंड के लाल की शहादत की खबर आम लोगों तक पहुंची, उनके घर लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। पूरा इलाका भारत माता की जय से गूंज रहा है। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पिता अजिंदर सिंह बक्शी ने अपने बेटे की शहादत पर गर्व करते हुए बताया कि करमजीत सिंह बचपन से ही सेना में जाना चाहते थे। परिवार वाले दुखी है, लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व भी है कि उनके बेटे ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

## महाकुंभ : उमड़े श्रद्धालु, 10 लाख कल्पवासी विदा

# माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ लोगों ने संगम में लगायी पवित्र डुबकी



**एजेंसी**

प्रयागराज। महाकुंभ के पांचवे अमृत स्नान स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। सुबह के 10 बजे तक 1.30 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगा ली थी। तड़के से ही महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी रहा। देर रात तक आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। अब तक 47.45 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासी माघी स्ना के बाद विदा हो गये। फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी पवित्र स्नान के हाद कहा, मैंने भी गंगा नहा लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में स्थापित वॉर रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे।

## मुफ्तखोरी की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट विफरा, कहा

# फ्रीबीज से लोग काम नहीं करना चाहते

### केंद्र से कहा- परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे हैं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव से पहले मुफ्त में दिये जाने वाले योजनाओं (फ्रीबीज)की घोषणा करने की प्रथा की कड़ी निंदा की। कोर्ट ने कहा, 'लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किये उन्हें पैसे दे रहे हैं। लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने केंद्र से कहा- ऐसा करके आप परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे हैं। यह टिप्पणी जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की। मामले की अगली सुनवाइ छह सप्ताह बाद होगी। पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि हम उनके लिए आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाये। उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान करने की अनुमति दी जाये। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसमें शहरी बेघरों के लिए आश्रय के प्रावधान सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जायेगा।

# भारत ने किया इंग्लैंड का सफाया

**एजेंसी**



**अहमदाबाद।** गिल (112) और श्रेयस अय्यर (78) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के कातिलाना अंदाज की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां श्रृखंला के तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में इंग्लैंड को 142 रन से रौंद कर 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्राफी के लिये अपने मजबूत इरादों का इजहार किया। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर भारत ने पहले खेलते हुये 356 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में इंग्लैंड की पारी 34.2 ओवर में 214 रन बना कर सिमट गयी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृखंला 3-0 से अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्राफी से पहले अपने अंतिम मैच में विराट कोहली (52) ने अपनी खोई फार्म को हासिल कर लिया,जिससे कोच गौतम गंभीर समेत समूचे भारतीय खेमे में संतोष का भाव नजर आया। कोहली को हालांकि आज भाग्य का सहारा भी मिला और कुछ मौकों पर वह अपना विकेट बचाने में सफल रहे।

## मैक्रों से विदा ले कर वाशिंगटन पहुंचे मोदी

# भारत से पिनाक रॉकेट लांचर खरीदेगा फ्रांस

**एजेंसी**

**पेरिस, नयी दिल्ली।** फ्रांस की अपनी यात्रा पूरी कर पीएम मोदी वाशिंगटन पहुंच गये। बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों खुद उन्हें छोड़ने के लिए एयरपोर्ट तक आये। राष्ट्रपति ने गले लगाकर पीएम मोदी को विदा किया। इससे पूर्व भारत और फ्रांस के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इनमें प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग शामिल है। फांस ने भारत से पिनाक रॉकेट लॉन्चर खरीदने पर सहमति दी है। पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस की ओर से भारत के पिनाक रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आयेगी। फ्रांसीसी सेना को पिनाक रॉकेट लांचर को करीब से देखने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने कहा, यह भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर होगा। फ्रांस से विदा होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, धन्यवाद फ्रांस! एक सार्थक यात्रा समाप्त हुई, जहां मैंने एआई, वाणिज्य, ऊर्जा और सांस्कृतिक संबंधों से लेकर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांस के लोगों का आभार। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एक दूसरे की मदद और आपसी भागीदारी को और मजबूत करने पर भरोसा जताया। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ खास वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। राष्ट्रपति ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

## खूंटी कस्तूरबा स्कूल की बेटियों ने रचा इतिहास

# 17 छात्राओं ने पास की जेइइ मेन परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी से सटे खूंटी जिले की 17 आदिवासी बच्चियों ने जेइइ मेन 2025 परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। यह पहला मौका है, जब एक साथ एक स्कूल में पढ़ने वाली इतनी बच्चियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन पास की है। जिला प्रशासन खूंटी द्वारा संचालित 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' अभियान के तहत शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला प्रशासन ने सभी बच्चियों को शुभकामनाएं दी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इन बच्चियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। (शेष 11 पर)

### डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा- गर्व की बात



इस उपलब्धि पर खूंटी डीसी लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 17 छात्राओं ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग हेतु प्रयासरत रहेंगे।


नौवीं पुण्यतिथि



स्व. वेद प्रकाश भाटिया जी

(10.12.1937-13.02.2016)

। न जायते म्रियते कदाचिअयं भूत्वा भविता वा न भूयः।

॥ अजोनित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥

भावपूर्ण/भावभीनी श्रद्धांजलि

समस्त भाटिया परिवार व समस्त कर्मचारीगण

PUNJAB SWEET HOUSE | kaveri RESTAURANT | CAPITOL HOTELS | THE KAVA | Kaveri's

भ्रष्टाचार पर नकेल कसने को तैयार है राज्य की हेमंत सरकार

# राप्रसे के तीन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही, एक को निंदन की सजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के तीन अफसरों पर बीते दो माह के भीतर गाज गिरी है। इन पर टेंडर में अनियमितता, मनरेगा में गड़बड़ी, और स्ट्रीट लाइट खरीद में अनियमितता के आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है। वहीं एक अफसर को निंदन की सजा दी गयी है।

**अड़की की तत्कालीन बीडीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही**
अड़की की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरी मड़की पर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना कार्य किये राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल बनाने, अभिलेखों को सही तरीके से संधारित न करने और योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

### नामकुम के तत्कालीन सीओ को निंदन की सजा

नामकुम के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार के खिलाफ जन सूचना पदाधिकारी के रूप में आवेदक को शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाने और आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखने के आरोप में निंदन की सजा दी गयी है। बता दें कि निंदन की सजा के तहत, कर्मचारी की प्रोन्नति रोक दी जाती है। यह सजा, कर्मचारी की सर्विस बुक में दर्ज की जाती है।

### तत्कालीन संयुक्त सचिव पर टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उन पर रांची में पदस्थापन के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग संहिता, 2012 के नियम 183(अ) का उल्लंघन करने का आरोप है। यह भी आरोप है कि संजय कुमार प्रसाद ने विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में निविदित दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे तक कोट किए गए निविदाओं को एल वन मानते हुए निविदा आबंटित किया। यह मामला प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया गया है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### अंडर सेक्रेट्री पर बिना अनुमति के ही अनुपस्थित रहने का आरोप

कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री अनिल कुमार सिंह पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप है। सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। वंशीधर नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के खिलाफ सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। इनके खिलाफ बंशीधरनगर नगर पंचायत में सोलर लाइट अधिष्ठापन और फोर्निंग मशीन क्रय में अनियमितता का आरोप है।

एयरो इंडिया में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया नौसेना के सेमिनार का उद्घाटन

# रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने लगायी एक बड़ी छलांग : संजय सेठ

■ मित्र देशों के साथ साझेदारी से और सशक्त हो रही नौसेना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में बुधवार को तीसरे दिन भारतीय नौसेना के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार का उदघाटन रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन 2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निमार्णाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने व आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगाई है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जेबी सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में भ्रष्टाचार का खेल

■ बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन कर अपने चहेतों को उन पर प्रोन्नति देने का हो रहा खेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां व्यक्तिगत मनमानी अपने चरम पर है। इस पर राज्य सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एक ऐसा संस्थान है जो करोड़ों रुपए प्रतिमाह नुकसान में रहने के बावजूद नियमों के आड़ में अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में लगा हुआ है। निगम द्वारा अपने अनुषंगी कंपनियों में बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन करते हुए अपने चहेतों को उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने का खेल धड़ल्ले से अभी चल रहा है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी तकनीकी विभाग के लिए उच्च स्तर जैसे कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक के पद इसलिए स्वीकृत किए जा रहे हैं कि इससे उनके चहेतों को पद पर प्रोन्नति प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार निगम में नीचे के स्तर के पदों पर कर्मियों की भारी से भारी कमी है। लगभग 15% नियमित कर्मचारी (लाइनमैन, एस।बी।ओ, कंप्यूटर ऑपरेटर आदेशपाल, ड्राइवर, मैसेंजर इत्यादि) 15% कनीय विद्युत अभियंता, 20% सहायक विद्युत अभियंता और इसी प्रकार लेखा विभाग में 10% कनीय प्रबंधक एवं लगभग 17% के आसपास प्रधान प्रबंधक ही उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि विद्युत अनुरक्षण, बिल विपत्रीकरण राजस्व संग्रहण एवं उपभोक्ताओं के समस्याओं का निराकरण इत्यादि सभी कार्य इन्हीं के स्तर पर किए जाते हैं परंतु निगम द्वारा इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करनी चाहिए थी, ताकि निगम का राजस्व संसाधन एवं सर्वांगीण विकास होता परंतु निम्न स्तर के पदों पर नियुक्ति न कर उच्च पदों की स्वीकृति दी गई है, ताकि उनके चहेतों को उक्त पदों पर प्रोन्नति पैसे लेकर दी जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ राज्य सरकार से मांग करता है कि वे इस मामले की जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अजय राय ने बताया कि जल्दी इस मुद्दे पर कानूनी सलाह लेकर वह कोर्ट जाएंगे।

कई देशों के रक्षा प्रतिनिधियों से मिले संजय सेठ, कहा

## एयरो इंडिया कार्यक्रम रक्षा क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एरो इंडिया 2025 में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 सचिव, 17 सेवा प्रमुखों ने अपनी सशक्त भागीदारी निभाई है। बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आर्मेनिया के उप रक्षा मंत्री, चाड के सेवा प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के निदेशक, श्रीलंका के रक्षा सचिव, फ्रांस के रक्षा प्रतिनिधि, वेनेजुएला के उप मंत्री सहित कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम रक्षा के क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। भारत की कई देशों के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है।

### एनएलयू को फंड देने के मामले में सुनवाई कल



**रांची।** झारखंड नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को फंड देने के मामले में सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए बुधवार को हाईकोर्ट से समय मांगा। सरकार की ओर से बताया गया कि जवाब तैयार हो गया है, उसे जल्द दाखिल कर दिया जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को एक दिन का समय देते हुए सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की। एनएलयू ने विश्वविद्यालय के सुगम संचालन के लिए सरकार से फंड देने का आग्रह किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## बोकारो मुठभेड़ केस की जांच को सीआईडी ने किया टेकओवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीआईडी ने बोकारो के पेंक नारायणपुर में भाकपा माओवादियों के साथ मुठभेड़ के केस की जांच शुरू कर दी है। बोकारो के पेंक नारायणपुर में 22 जनवरी को सुरक्षाबलों के साथ माओवादी रणविजय महतो के दस्ते का मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 15 लाख के ईनामी रणविजय को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हुए मुठभेड़ में रणविजय की पत्नी व एरिया कमांडर भांति देवी और मनोज नाम के माओवादी मारे गए थे। पूरे मामले में प्रारंभिक जांच बोकारो पुलिस के द्वारा की गई थी। वहीं, इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने सीआईडी को जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सीआईडी ने केस को टेकओवर कर लिया है।

**अब भी झुमरा-लुगू इलाके में कैंप कर रहा विवेक :** झारखंड पुलिस के मुताबिक, 22 जनवरी को एक करोड़ का ईनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य विवेक का दस्ता बोकारो के झुमरा व लुगू पहाड़ के इलाके में कैंप कर रहा था। इस दौरान पारसनाथ की तरफ से रणविजय का दस्ता उससे मिलने के लिए ही रवाना हुआ था, लेकिन संयुक्त बलों के अभियान के दौरान रणविजय के दस्ते को नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, विवेक का दस्ता अब भी उसी इलाके में कैंप कर रहा है।

## आयुष्मान योजना को लेकर राज्य सरकार ले रही अव्यावहारिक फैसला : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरूआत की थी लेकिन, अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्यायें उत्पन्न कर दी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है। इसमें केवल 50 बेड शहरी और 30 बेड ग्रामीण वाले निजी अस्पताल की योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जायेंगे। इससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है। मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवायें गरीबों के लिये और सीमित हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे। ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।

## राज्य के 66 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

66 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा

झारखंड में आयुष्मान भारत योजना की नई बीमा अवधि शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य में आयुष्मान भारत योजना की नई बीमा अवधि शुरू हो गई है। इस योजना के तहत, राज्य के 66 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। योजना के तहत, सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किये गये हैं एवं पुराने पैकजों के रेट रिवाईज किये गये हैं। नये पैकेज के आने से अस्पताल नये रोगों का इलाज योजनान्तर्गत कर सकेंगे।

### क्या है योजना की खासियत

- नई बीमा अवधि में 534 नए पैकेज शामिल किए गए हैं।
- पुराने पैकेजों के रेट रिवाइज किए गए हैं।
- उच्च अंत प्रक्रियाएं, उच्च अंत दवा, और उच्च अंत निदान की प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं।
- टीएमएस 2।0 वर्जन को लागू किया गया है, जिससे अस्पतालों को काम करने में सुविधा होगी

### वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को मिले दो आप्त सचिव



**रांची।** राज्य सरकार ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिए दो आप्त सचिवों की नियुक्ति की है। विशेष अंचल रांची के राज्य कर सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार और धनबाद अंचल के राज्य कर पदाधिकारी अनिरबान आइच को वित्त मंत्री का आप्त सचिव बनाया गया है। मंत्रिमंडल विभाग के अपर सचिव राजीव रंजन के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के आप्त सचिव की नियुक्ति अस्थायी रहेगी और किसी भी वक्त बिना किसी सूचना के इन्हें हटाया भी जा सकता है।

**AFFIDAVIT**

JOGENDAR YADAV, S/O-GOBARDHAN YADAV, Resident of Gram+Post-Bariyatu, Balumath, Latehar, Jharkhand- 829202. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
That I am a permanent resident of the above address and I am an Indian citizen.
That My Name JOGENDAR YADAV and my father's name GOBARDHAN YADAV is true and correct and my correct D.O.B. is 01.05.1998 which is printed in my Pan Card and Aadhar card. (Pan Card No: BFBPY2885J, Aadhar card No. 2747 0932 5969) So, for Some Reason my Name Becomes YOGENDAR YADAV and my father's name Becomes DAHARA YADAV and my D.O.B. Becomes 05.07.1999 in LIC Policy. (Policy no-00931551) Both JOGENDAR YADAV and YOGENDAR YADAV and Both GOBARDHAN YADAV and DAHARA YADAV are the same person. All the above things are true and correct to my knowledge, if found to be wrong, I will be solely responsible for it.

**शपथ पत्र**

नोटरी पब्लिक हुसैनाबाद



मुलुकुला देवी उम्र - 74 वर्ष पति फगुनी सिंह यादव मोहम्मदगंज, पोस्ट +थाना मोहम्मदगंज जिला-पलामू, राज्य - झारखंड :-

1. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या- 8966 3787 9726 में मेरा नाम मुलुकुला देवी दर्ज है।
2. यह कि मेरे पति के सर्विस बुक में मेरी नाम मुला देवी दर्ज है।
3. यह कि मुलुकुला देवी एवं मुला देवी दोनों नाम की मैं ही एक महिला हूं।
4. यह कि मैं अपना आधार कार्ड में मुलुकुला देवी के स्थान पर सुधार कर सही नाम मुला देवी अंकित कर सुधार करवाने हेतु यह शपथ पत्र समर्पित कर रही हूँ।

### बाल संरक्षण संस्था और दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की होगी नियुक्ति, आदेश जारी

**रांची।** केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य योजना के तहत झारखंड में बच्चों की देखरेख और संरक्षण के लिए कुछ नयी नियुक्तियां होंगी। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में संविदा पर तीन कार्यक्रम पदाधिकारी की नियुक्ति होगी, इसमें एसटी, एससी और बीसी वन के एक-एक पद हैं। इसके अलावा, लेखा अधिकारी, लेखापाल और लेखा सहायक के लिए एक-एक पद पर नियुक्तियां की जायेंगी, जो सभी जनरल श्रेणी के होंगे। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण में दो पदों पर भी नियुक्ति होगी।

## स्वाथ्य उपकेंद्रों को मिला क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले के तीन सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान एएएम एसएचसी जरियागढ़, एएएम एसएचएस और एएएम एसएचएस बुरजू को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर द्वारा किया गया, जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बताया गया कि ये तीनों स्वास्थ्य संस्थान जनवरी में संपन्न राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकन में शामिल हुए थे, जहां इनकी गुणवत्ता, सेवाओं और आवश्यक मापदंडों की जांच की गई। मूल्यांकन में इन संस्थानों ने जो स्कोर प्राप्त किये इनमें एएएम एसएचएस जरियागढ़ 90.18 प्रतिशत, एएएम एसएचएस बिरदा 88.66 % और एएएम एसएचएस बुरजू 88.26 % शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन यह सुनिश्चित करता है कि इन स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा कर्मियों के समर्पण का परिणाम है।

उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहें। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य देशभर के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को एक निर्धारित मानक के अनुरूप बनाना है, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्या मिल सके।

भाजपा विधायक दल के नेता की दौड़ में बाबूलाल मरांडी सबसे आगे

# बजट सत्र से पहले झारखंड को मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

■ संभवतः 22 फरवरी को केंद्रीय पर्यवेक्षक की मौजूदगी में होगी भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव

उदय चौहान







**रांची।** विधानसभा में 24 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले झारखंड को नेता प्रतिपक्ष मिल जायेगा। इसके लिए भाजपा के अंदर कवायद जारी है। संभवतः 22 फरवरी को भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव हो जायेगा। दरअसल, 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और 5 दिसंबर को कैबिनेट का पूर्ण विस्तार हो गया था। बावजूद इसके प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अब तक विधायक दल का नेता नहीं चुना है। अच्छा खासा वक्त गुजर चुका है। फिर भी अभी तक सदन को नेता प्रतिपक्ष नहीं मिला है। नेता प्रतिपक्ष का मनोनयन नहीं होने से मुख्य सूचना आयुक्त समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति लंबित है। इसी मामले में 7 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दो सप्ताह के भीतर नेता का चयन कर सूचित करें। फिर भी मामला अटका हुआ है।

सूत्रों के अनुसार फिलहाल भाजपा का आंतरिक चुनाव व संगठन महापर्व की प्रक्रिया चल रही है।बाबूलाल मरांडी के स्थान पर मार्च से पहले नया प्रदेश अध्यक्ष का चयन भी होना है। चर्चा है कि बाबूलाल मरांडी विधायक दल के नेता पद के दौड़ में सबसे आगे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के नाम पर भी चर्चा हो रही है। हालांकि, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संभवतः 22 फरवरी को विधायक दल के नेता का चयन कर सकता है। इसके लिये केंद्रीय नेतृत्व को तमाम जानकारी दी गयी है। भाजपा को अगले पांच साल तक विपक्ष की भूमिका में रहना है। इसके मद्देनजर नेताओं की नई पौध तैयार करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

इधर, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का चयन करना भाजपा का दायित्व है। इसपर टिप्पणी करना उचित नहीं है। लेकिन आश्चर्य है कि कई मामलों में त्वरित निर्णय लेने वाली भाजपा इस मामले में विलंब क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के अभाव में कई संवैधानिक पदों पर चयन नहीं हो पा रहा है। सरकार गठन के दो माह हो चुके हैं। भाजपा विधायक सीपी सिंह का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व को करना है। उचित समय पर उचित निर्णय आ जायेगा। उन्होंने बताया कि बजट सत्र शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है।

झारखंड के बच्चे वेदों व शास्त्रों की करेंगे पढ़ाई

## रांची और देवघर में वैदिक स्कूल खोलने की योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के बच्चे अब वेदों और शास्त्रों की पढ़ाई करेंगे। उनके लिए रांची और देवघर में वैदिक स्कूल खोलने की योजना है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी विजयेंद्र सरस्वती ने झारखंड में वैदिक स्कूल संचालित करने के लिए हामी भर दी है। इसके लिए कांची पीठ ने झारखंड के धार्मिक न्यास बोर्ड को पत्र भेजा है। वैदिक स्कूलों की स्थापना से झारखंड के बच्चों को वेदों और शास्त्रों की जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को गहराई से समझ पाएंगे।

### वैदिक स्कूलों की स्थापना को सरकार से अपेक्षा

धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि झारखंड में वैदिक स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार से सहयोग मांगा जा रहा है। इसके लिए रांची और देवघर में दो वैदिक स्कूल खोले जाएंगे।

**वैदिक स्कूलों के लिए जमीन की व्यवस्था :** कांची पीठ ने स्कूल के लिए दो से तीन एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। न्यास बोर्ड ने रांची और देवघर में बंद पड़े संस्कृत विद्यालय को चिह्नित किया है। बोर्ड की ओर से सरकार से आग्रह किया जाएगा कि यह जमीन न्यास बोर्ड को लीज पर दी जाये।

# जेईई मेन में डीपीएस का बजा डंका, 16 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस के 16 छात्रों ने जेईई मेन (सेशन 1) में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया है। 49 छात्रोंने 95 और उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया जबकि 65 छात्र 90 और उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त करने में सफल रहे। तेजस तनय 99.8382367 परसेंटाइल के साथ विद्यालय के टॉपर रहे। वहीं 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्रों में रविनारायण, आकाश साहू, रुद्राक्षराय, द्रीप्त, दिव्यांश पांडे, अर्नव सिन्हा, नूपुर सिंह, आदित्य शौर्य सिंह, प्रभु शुक्ला, प्रेयशप्रत्यूष, अरमान अहमद, शौय सांकृत, दीप्तांशु सिंह नेगी, आर्यन सिन्हा, प्रसून प्रवर और शौर्य विजय शामिल हैं। डीपीएस के 200 से अधिक छात्रों ने जेईईमेन 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस सफलता पर स्कूल के प्राचार्या डॉ आरके झा ने सभी छात्रों को बधाई दी है।






# द पाठशाला के परीक्षार्थियों ने जेईई मेन में शानदार सफलता हासिल की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** द पाठशाला के छात्रों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए जेईई मेन 2025 (जनवरी प्रयास) में शानदार प्रदर्शन किया है। एनटीए द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, संस्थान के 19 छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक और 59 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। कुल 383 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जो पाठशाला की बेहतरीन शिक्षण पद्धति और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। संस्थान के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में उत्कर्ष भौतिकी में 99.25 पर्सेंटाइल, अक्षत 99.06 पर्सेंटाइल, आदित्य आर्यन 99.02 पर्सेंटाइल, अनुष्का 98.35 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक शिव शंकर ने इस बेहतरीन उपलब्धि पर सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने हमारी पूरी टीम छात्रों को सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन और रणनीति प्रदान करने के लिए समर्पित है। संस्थान ने ऐसे शानदार परिणामों को दोहराने के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें 25 फरवरी तक विशेष रियायती शुल्क लागू होगा।




# वीरता पुरस्कार विजेता सैनिकों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में बुधवार को पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह 2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की और उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया।

**भारतीय सेना के वीर योद्धाओं को सलाम** : राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों से कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है। इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं सैनिक परिवारों के सदस्य थे।




**समारोह में 39 पुरस्कार विजेता सम्मानित**

- 20 सेना पदक (वीरता)
- 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा)
- 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा)
- 02 युद्ध सेवा पदक
- 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक
- 11 विशिष्ट सेवा पदक

### इस बाद योजना के लाभुकों को एक साथ दो माह के मिलेंगे पैसे

# मंइयां सम्मान योजना को आधार से लिंक करने का समय 31 मार्च तक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार ने आधार लिंक की समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया है। ऐसा होने से इस योजना की लाभुक महिलाओं को राहत मिलेगी और वे अपने खातों में राशि प्राप्त कर सकेंगी। सूत्रों का कहना है कि इस योजना के लाभुकों को एक साथ दो माह के पैसे दिये जायेंगे। बताते चलें कि दिसंबर 2024 में हुई विधानसभा सत्र के दौरान सरकार ने इस योजना के लिए अनुपूरक बजट पेश किया था। 27 दिसंबर को सभी जिलों को 5225 करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर दी गई। 14 अक्तूबर 2024 को जारी संकल्प के अनुसार, दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक 5900 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान लगाया गया था। इसके बाद 6 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में 56.61 लाख महिला लाभुकों के खातों में दिसंबर माह की 1415.44 करोड़ रुपये की राशि भेजी थी। अब, आधार लिंक की समयसीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है।




**योजना की विशेषताएं**

- योजना के तहत 59 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलेगा।
- आधार लिंक की समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया है।
- योजना के लिए 5225 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।
- फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### डोरंडा थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मी की रिम्स में इलाज के दौरान मौत



**रांची।** रांची के डोरंडा थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मी योगेंद्र यादव का बुधवार को रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। योगेंद्र पीसीआर में तैनात थे। वह आठ महीने से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज भी चल रहा था। मंगलवार की रात उनकी तबियत बिगड़ी। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई। एक महीने से वह मेडिकल लीव पर थे। डोरंडा थाने के बैरक में रहकर वह इलाज करा रहे थे।

# कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिला कृषक मित्रों का प्रतिनिधिमंडल, सम्मानजनक मानदेय की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषक मित्रों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत के नेतृत्व में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके रांची स्थित आवास पर मिला और सम्मानजनक मानदेय की मांग की। कृषि मंत्री ने कृषक मित्रों के कार्यों और प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी ली। प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने कृषक मित्रों द्वारा किए गए कार्यों और उन्हें दी जाने वाली 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि के बारे में विस्तार से बताया। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह कृषक मित्रों के साथ अन्याय है और इतने सारे काम करने के बावजूद उन्हें कोई मानदेय नहीं मिलना सही नहीं है। कृषि मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे जल्द ही कृषि सचिव के साथ बैठक कर इस मुद्दे की पूरी स्थिति को जानकर मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगी। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य में कृषक मित्रों की हालत पर चिंता जताई और कहा कि उन्हें 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जबकि घर बैठे व्यक्ति को मंईंया सम्मान योजना के रूप में 2500 रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कृषक मित्र कृषि कार्य के अलावा पशुपालन, सहकारिता, भूमि संरक्षण, आत्मा, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, आपदा विभाग, चुनाव कार्य सहित अन्य विभागों के सैकड़ों कार्य कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें कोई सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलता है। इस बैठक में प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, ममता कुमारी, रविंद्र सिंह, हिजबुल खान, करम दयाल सा, प्रकाश महतो सहित सैकड़ों कृषक मित्र उपस्थित थे।



### रांची में तापमान औसत से अधिक रूलायेगी गर्मी

**रांची।** राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है।

### भाजपा ने कवि और समाज सुधारक रविदास की जयंती मनायी

# कर्मयोगी थे संत रविदास : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में बुधवार को माघ पूर्णिमा पर संत रविदास जयंती मनायी गयी। पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल हुये। सभी ने संत रविदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि संत रविदास कर्म योग के सच्चे उपासक थे। रविदास जी भक्ति मार्ग के लिए अपने कर्म को शुद्ध पवित्र बनाकर ईश्वर के चरणों में अर्पित करना ही भक्ति मानते थे। उन्होंने मन और विचार की शुद्धि पर जोर दिया तथा बाहरी आडंबरों से दूर रहने की प्रेरणा दी। कर्मवीर सिंह ने कहा संत रविदास जी ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थीं।संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे।वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास जी ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास,आरती सिंह,जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश राम, संदीप कुमार,सुचिता सिंह, पंकज सिन्हा, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, संजय जायसवाल एवं अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।



# लोक अदालत में समय और धन की होती है बचत : कविता कुमारी खाती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डालसा रांची के द्वारा इटकी प्रखण्ड के रानीखटंग पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन से जागरूकता कार्यक्रम आयाजित किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती, पीएलवी शंकर साहु, पायल कुमारी, राकेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार गोप और सोनु कुमार साहू उपस्थित थे। कविता कुमारी खाती ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने कीू जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा की तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीके बताये गये। शंकर साहु, पायल कुमारी एवं अजय कुमार गोप ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उसके लाभ के बारे बताया।



# हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला परिवहन कार्यालय एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बरियातू रोड हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसी के बचाव के लिए बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। साथ ही साथ सभी ने कहा कि हमें कभी भी दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। 18 साल के आयु के बाद ही दोपहिया वाहन चलाना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सड़क सुरक्षा अभियंता परिवहन विभाग झारखंड सरकार के गौरव कुमार,हिल टॉप पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या संगीता राज, निदेशक राजेश गुप्ता,उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी आदि उपस्थित थे।



# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम परिवार द्वारा स्थानीय दुर्गा-बाड़ी में बुधवार को संवाददाताओं से बातीचीत करते हुए महामंत्री मुटू जालान ने बताया कि अमृत महोत्सव की शुरूअता आज से 16 फरवरी तक आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव का शुभारंभ श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभू एवं हनुमान जी महाराज का निशान पूजन के साथ प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। संध्या 7:00 बजे से श्री सुरेश बजाज के नेतृत्व में सस्वर पुरूष एवं महिलाओं द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। 14 फरवरी को आचार्यों एवं पंडितों के सानिध्य में श्री श्याम परिवार राँची के सभी सदस्यों द्वारा हवन पूजन एवं सभी देवी-देवताओं का आवाहन किया जाएगा।



**ये रहे मौजूद**

संस्था के मीडिया प्रभारी अमित चौधरी, जयदीप राज,रंजीत गाड़ोदिया, अशोक धानुका, महेश सैन, आतिश कुमार सिंह, श्री कमल जालान, मोनू शर्मा, पनव लोहिया, अरविन्द मंगल, सुशील केडिया, पवन शर्मा, गौपाल चांगल, नमन चांगल,श्री मनोज अग्रवाल, अजय जालान, मदन सोनी, रतज जालान, रवि साबू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 15 फरवरी को भव्य निशान शोभायात्रा

15 फरवरी को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 351 महिलाये एवं पुरूष पारम्परिक राजस्थानी वेशभूषा में श्री श्याम प्रभु के पवित्र निशान को लेकर नगर भ्रमण करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में श्री श्याम बाबा के भजन कीर्तन करते हुए श्री श्याम परिवार के सदस्यगण एवं भजन प्रवाहक होंगे। मुख्य आकर्षण श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की मनोहारी झांकि होगी। मुख्य रथ के आगे हाथों में पवित्र निशान लिए पंच प्यारे रहेंगे। शोभायात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर बंशीधर आडुकिया रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, अपर बाजार, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, राँची विश्वविद्यालय, शहीद चौक होते हुए महोत्सव स्थल श्री श्याम हवेली दुर्गा-बाड़ी राँची पहुंचेगी। 16 फरवरी को प्रातः 6:00 बजे से गणेश पूजन, निशान पूजन, श्री श्यामप्रभु का दिव्य, भव्य एवं अनुपम श्रृंगार श्री श्याम हवेली दुर्गा-बाड़ी में अखंड ज्योत के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा, श्री श्याम बाबा को सवामणी भोग और छपपन भोग लगाया जाएगा।

# माघ पूर्णिमा : रांची के मंदिरों में रही भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया?? तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वहीं इस अवसर पर कई घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा और पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था। इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे और भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की।



# सुतियांबे में राज्यभर से एक मंच पर जुटे सामाजिक, धार्मिक और पड़हा राजा

- मुख्य पाहन अरविंद पाहन के नेतृत्व में सैकड़ों पाहनों ने कोम्पाट और आदि शक्ति की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न की



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खूंटकटी मुंडा धर्म सभा और सरना संगोम खूंटी के आह्वान पर बुधवार को राज्यभर से एक मंच पर आदिवासी मुंडा समाज और धार्मिक अगुवाओं का महाजुटान हुआ। इसमें ओडिशा, बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम समेत स्थानीय सैकड़ों खोड़हा मंडली शामिल हुईं। मुख्य पाहन अरविंद पाहन के नेतृत्व में सैकड़ों पाहनों ने कोम्पाट और आदि शक्ति की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य का एकमात्र मुंडा जनजाति है, जिसके नाम से खतियान बना और छोटानागपुर का मुंडा जनजाति प्रकृति शक्ति का मुख्य पुजारी है। मुंडा जनजाति पंचायत का प्रमुख होता है और गांव तथा पड़हा व्यवस्था का संचालन करने में निपुण होते हैं। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज मुंडा समाज पर आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और व्यवसायिक तरीके से हमले हो रहे हैं। इसके लिए गांव, पंचायत, शहर और जिला स्तर पर मुंडाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक होना होगा। तभी मुंडा समाज पर हो रहे हमलों को रोका जा सकता है। मुंडा समाज की अपनी मुंडारी भाषा है, जो राज्य में सबसे अधिक बोली जाने वाली जनजातीय भाषा है, लेकिन आज तक इसे आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है।

**स्थानीय भूमाफियाओं के कारण मुड़हर पाहड़ पर तेजी से हो रहा है अतिक्रमण :** सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम शाही मुंडा, कुंदरसी मुंडा, खूंटकटी मुंडा धर्म सभा के अध्यक्ष शैलेश पाहन, सचिव देवेंद्र पाहन और कार्यकारी अध्यक्ष मनीष मुंडा ने कहा कि आज स्थानीय भूमाफियाओं के कारण मुड़कर पाहड़ पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। इसे रोकने के लिए सभी मुंडाओं को एकजुट होना होगा। मुंडाओं को शराब से दूर रहना होगा और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए भूमाफिया तंत्र को पहचानना होगा। अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए गांव के साथ सामंजस्य बनाए रखना होगा।

**गोतिया को लड़वाकर और डिलिस्टिंग के माध्यम से पहनई जमीन पर हो रही सेंधमारी :** आयोजन समिति के लोगों ने कहा कि आज पाहन पर धार्मिक हमले किए जा रहे हैं। भोले-भाले आदिवासी समाज को डिलिस्टिंग कराकर भूमाफियाओं ने इनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना शुरू कर दिया है। इन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है। मुंडा समाज के नेतृत्वकर्ताओं को पहचानकर उनकी हत्या करने की साजिश रची जा रही है। मुंडा समाज की राजनीतिक शक्ति को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुंडा समाज की भाषा, संस्कृति और इतिहास पर भी हमले हो रहे हैं और उनकी धरोहरों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास हो रहा है। चारों ओर से मुंडा समाज की एकजुटता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मौके पर हेमंत मुंडा, दीपक मुंडा, अमीन मुंडा, सीताराम मुंडा, सरदार मुंडा, सधन उरांव, रामगढ़ से नरेश मुंडा, रामेश्वर पाहन, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व प्रमुख सत्यनारायण मुंडा समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# डोरंडा में संत रविदास की 648वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

- जयंती समारोह में आयोजित प्रदर्शनी खास आकर्षण का केंद्र रही

**रांची।** झारखंड प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा क्षेत्रीय समिति डोरंडा रांची द्वारा गुरु रविदास जयंती की 648वीं जयंती सह प्रदर्शनी शिव मन्दिर धर्मशाला, डोरंडा, रांची में आयोजित की गयी। इस मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पूर्व उप मेयर अजय नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसके बाद समिति से जुड़े सभी लोगों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी खास आकर्षण का केंद्र रही। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मोची के औजार प्रदर्शित किये गये।

मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विशिष्ट अतिथि अजय नाथ शाहदेव, मुख्य संरक्षक संत सेवक राम, संरक्षक राजकुमार राम, गजेंद्र राम, गोविंद राम, बलदेव राम, अरुण राम, नागेश्वर राम, राजेश राम, बसंत राम, दशरथ राम, अमर राम, रमेश राम, ईश्वर लाल राम, राजू राम, अशोक कुमार रवि, मधुसूदन कुमार, समिति से नरेंद्र कुमार दास क्षेत्रीय अध्यक्ष, नितिन कुमार रवि, महामंत्री, मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार दास,सुजय रवि, सूरज कुमार,आकाश कुमार, रोहित कुमार दास, अर्जुन कुमार, अमर कुमार उपस्थित रहे।

# जेसीएम ने झारखंड राज्य खुला विवि के कुलपति से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू से जेसीएम प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया। विदित है कि वर्तमान में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की अपना जमीन एवं अपना बिल्डिंग नहीं है। अभी यह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके के परिसर में चल रहा है। रांची के टाटीसिल्वे के समीप झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के लिए लगभग 6 एकड़ की जमीन चिन्हित कर ली गई है। अब उस पर खुला विश्वविद्यालय का अपना भवन एवं परिसर बनाना है।

इस कार्य में झारखंड छात्र मोर्चा ने कुलपति डॉ. साहू को सहयोग देने की बात कही। जल्द ही जेसीएम झारखंड राज्य उच्च शिक्षा विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू जी से मुलाकात कर इस कार्य को जल्द कराने का आग्रह करेंगे ताकि पठन-पाठन सुचारू रूप से चल पाए।

मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष अमन तिवारी सचिव असद फेराज टिंकू उपाध्यक्ष भास्कर महतो एवं अन्य उपस्थित थे।

# कब्रगाहों पर आज रोशन होंगे चिराग, इबादत में गुजरेगी रात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरकतों और रहमतों वाली रात, शब-ए-बारात पर गुरुवार को पूर्वजों को खेराजे अकीदत पेश की जाएगी। शाम की नमाज, मगरिब के बाद से ही इबादतगाहों, कब्रगाहों पर लोग बुजुर्गों की याद में फातेहा पढ़ेंगे। मस्जिदों में शाम से ही इबादत का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो भोर तक चलेगा। शुक्रवार को एक नफिल रोजा भी लोग रखेंगे। इसको लेकर बुधवार को कब्रिस्तानों में पुरखों की कब्रों पर साफ-सफाई की गई। कब्रिस्तानों तक पहुंचने वाले रास्ते पर रोशनी की पर्याप्त बंदोबस्ती की जा रही है। मस्जिदों में इबादत के लिए कुरआन-ए-शरीफ, पारे, तस्बीह, सुरे की किताबें रखी गईं हैं। साथ ही मस्जिदों और कब्रिस्तानों को रोशन किया गया है।

### आज की रात आतिशबाजी से करें परहेज : एदारा-ए-शरिया

एदारा-ए-शरिया के महासचिव मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि गुरुवार को शब-ए-बारात है, जो बरकतों, रहमतों और फजीलतों से भरी हुई है। अल्लाह तआला शब-ए-बारात पर रहमत के फरिश्तों को विश्व के कोने-कोने में भेजता है वह फरिश्ते सूरज डूबने से लेकर सूरज निकलने तक कहते हैं कि है कोई मुसीबत में जिसे दूर कर दी जाएं, है कोई जरूरतमंद जिसकी जरूरतें पूरी की जाएं। यह सिलसिला रात भर चलता रहता है। मौलाना रिजवी ने कहा कि शब-ए-बारात में सलातुत तस्बीह, नफिल नमाज, फातिहा, नियाज, कजा नमाजें और अन्य इबादतों में रात गुजारें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जो लोग शब-ए-बारात को समझ नहीं पाते हैं, वे पूरी रात बाइक से सड़कों पर घूमते हैं। रातभर आतिशबाजी करते हैं, जबकि यह हराम है। इससे इबादत करने वालों को इबादत करने में परेशानी होगी। इसलिए इस रात को घूम-फिर कर नहीं बिताएं। आतिबाजी से परहेज करें। महासचिव ने कहा कि अंजुमन व पंचायत के पदाधिकारी आतिशबाजी करने व बाइक से स्टंड करने वालों पर कड़ी नजर रखें।

वहीं, जाफरिया मस्जिद में महफिल का आयोजन किया जाएगा। रिश्तेदारों, खानदान के मरहूमों को खेराजेअकीदत पेश करने के बाद जायरीन बुजुगार्नेदीन और औलिया-ए-कराम के आस्तानों पर फातेहा भी इसी रात में पढ़ेंगे।

रूह के शबाब के लिए फातेहा : फातेहा किसी रूह के शबाब के लिए मांगी गई दुआ का नाम है। इसमें कुरआन ए शरीफ का कुछ हिस्सा पढ़कर अल्लाह से दुआ की जाती है। किसी वली के आस्ताने पर पहुंचकर जब फातेहा पढ़ी जाती है तो दुआ के साथ ये भी कहा जाता है कि ऐ अल्लाह इस वली की खैर और बरकत से हमको भी मालामाल फरमा। फातेहा देने के लिए सूजी, चना, मूंग का हलुआ बनाते हैं।

**साफ-सफाई की व्यवस्था कराए प्रशासन :** एदारा-ए-शरिया के महासचिव ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र भेजकर शब-ए-बारात पर मुस्लिम बहुल इलाकों में साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था सही रखने की मांग की है। उन्होंने कब्रिस्तान कमेटियों से भी कहा है कि वे कब्रिस्तानों में रोशनी और अन्य व्यवस्थाएं पूरी तत्परता से करें और निगरानी रखें। मस्जिद कमेटियां रात में जागने वालों के लिए पीने और वजू के पानी का इंतजाम करें। महिलाएं और लड़कियां घर पर ही नमाज अदा करें।

## खबर एक नजर में

### मदर्स इंटरनेशनल के छात्रों ने जेईई, मेन्स में लहराया परचम



**रांची।** ब्राम्बे के जाहिर ग्राम स्थित मदर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई)-2025 की प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल के छात्र हर्षवर्धन सिंह, श्रेयांश, दिव्यांशु साहू, शौर्य गुप्ता, समीर गौतम, आदित्य अरुण, प्रांशु कुमार व आदित्य कुमार ने जेईई मेन्स 2825 में क्वालिफाई किया है। सभी छात्रों ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों सहित स्कूल के शिक्षकों और प्राचार्य को दिया। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल की प्राचार्य डॉ. रोमी झा व स्कूल के प्रबंध निदेशक अंबुज कुमार झा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संत माईकल्स स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन



**रांची।** संत माईकल्स स्कूल में मेडिफर्स्ट हॉस्पिटल, रांची के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार विशाल के साथ एक अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्र में छात्र परिषद के सदस्य, कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र शामिल हुए, जो डॉ. विशाल की प्रेरक यात्रा और अमूल्य अंतर्दृष्टि से अभिभूत थे। डॉ. विशाल ने मेडिका हॉस्पिटल, पारस, एचईसी और अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में अपने काम से प्राप्त अपने व्यापक अनुभव छात्रों के संग साझा किया। उन्होंने दृढ़ता, समर्पण और अपने जुनून का पीछा करने के महत्त्व के बारे में बताया। उनके शब्द छात्रों के हृदय को गहराई से छुए, उन्हें बाधाओं को दूर करने और अपनी पढ़ाई और भविष्य के करियर दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र एक सशक्त अनुभव साबित हुआ, जिसने छात्रों को सफलता के लिए अपने रास्ते खुद चुनने के लिए प्रेरित किया।

### नीरजा सहाय डीएवी में दयानंद सरस्वती की जयंती मनी



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी का प्रांगण हवन की पावन खुशबू और मंत्रों की ध्वनि से गूंज उठा। अवसर था आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद जी की 201 वीं जयंती का। वे भारत को जातियों, धर्मों, पंथो, वर्गों एवं वर्णों के भेदभाव से ऊपर उठ कर मानता का पाठ पढ़ाने वालों में अग्रणी रहे। गुलाम भारत में जहां सब ओर अराजकता, अंधविश्वास और अज्ञानता का बोलबाला था, महर्षि जी ने लोगों को वेदों की ओर लौटो का नारा दिया और उनमें सच्चे वैदिक धर्म को बढ़ावा दिया। इस अवर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज के युग में दयानंद जी अधिक प्रासंगिक और समीचीन नजर आते हैं। उनके विचार वेदों से प्रभावित होते हुए भी अत्यधिक आधुनिक और तर्कसंगत हैं। हम दयानंद जी की तरह तो नहीं बन सकते लेकिन उनके किसी एक विचार अथवा एक गुण को भी यदि अपना लें तो जीवन धन्य हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय में वैदिक हवन, भजन, कविता वाचन, दयानंद जी के जीवन वृत्त से संबंधित भाषण, क्विज एवं संस्मरणों के माध्यम से महर्षि जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### संस्कृति विहार के सचिव पद से दिया इस्तीफा



**रांची।** संस्कृति विहार के सचिव एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के मुखिया रहे विश्वनाथ नारसरिया ने संस्कृति विहार के सचिव पद से बुधवार को त्याग पत्र दे दिया। उन्होंने संस्कृति विहार के अध्यक्ष अजय मारू को त्याग पत्र भेज कर सुचना व्हाट्सप्प द्वारा दे दी है।

### डीएवी कपिल देव में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनी

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू में बुधवार को स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष हवन का आयोजन किया गया। डीएवी झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी व डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू के प्राचार्य एमके सिन्हा ने इस अवसर पर स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। बाद में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ग ग्यारह,नवम और वर्ग आठ के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि स्वामी दयानन्द सरस्वती बहुत बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने पूरी मानव जाति को एक दृष्टि से देखा। मौके पर अरुण कुमार मंडल,पी सारंगी, आनंद गोपाल, सीएस ठाकुर,एआई गुरु,रुद्र कांत झा,सीमा कुमारी सिंह,के दत्ता,एस के झा समेत कई अन्य शिक्षक शिक्षिका व बच्चे मौजूद थे।

### एजुकेशनल मैगजीन स्कूल एरा ने पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**रांची।** एसआर डीएवी पुनदाग स्कूल में बुधवार को एजुकेशनल मैगजीन स्कूल एरा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बांटा गया था। प्रथम वर्ग 3 से 5, एवं दूसरा वर्ग 6 से 7, वह तृतीय वर्ग 8 से कक्षा 9 के 1472 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्य एसके मिश्रा ने स्कूल एरा परिवार को बधाई दी। इस मौके पर ब्यूरो चीफ शीतल कुमारी मौजूद थी।

# डीएवी हेहल में महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव मना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महा हवन के साथ हुई। सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। शिक्षक सुशील कुमार आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके सामाजिक एवं धार्मिक सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्वामी जी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और वेदों के ज्ञान को पुनः स्थापित करने का कार्य किया। शिक्षक परशुराम जी गुरु ऋण की महत्ता को समझाया और स्वामी जी द्वारा समाज सुधार के लिये किये गये कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद जी ने सत्य के मार्ग पर चलते हुये समाज को अंधविश्वास से मुक्त करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में संतोष पांडा, सचिन कुमार ने भजन प्रस्तुत किया। प्राथमिक शाखा के विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी की वेशभूषा धारण कर नाट्य प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी का जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज को सत्य, ज्ञान और धर्म का वास्तविक स्वरूप बताया। उनके विचार आज भी हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

# डीएवी बरियातु में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनी



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में स्वामी दयानंद सरस्वती की 201वीं जयन्ती मनायी गयी। मौके पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि स्वामी दयानंद जी ने अपना जीवन कुप्रथाओं और पाखण्डों को खत्म करने तथा समाज को जागृत करने में लगाया। हमें यथार्थ को अपनाने के प्रति सजग रहना चाहिए तथा अन्धभक्ति में जीवन नहीं बिताना चाहिए।

जेईई मेंन्स में डीएवी बरियातु के छात्रों का शानदार प्रर्दशन : जेईई मेन्स सत्र 1 में डीएवी बरियातु के विद्यार्थियों ने शानदार प्रर्दशन किया है। उम्मैया फातिमा को 96.74, ह्रषभ तिवारी को 95.75, स्नेहल गोयल को 96.35, प्रशांत कुमार को 93.65, आयुष आदित्य को 93.02, यश राज को 92.08, कृष्णेंदु चक्रवर्ती को 91.1 और रिद्धम जे चंदा को 90.26 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल विद्याथीर्यों को बधाई दी।

# WWF-ICNW ने ऐतिहासिक संयुक्त राष्ट्र साइड इवेंट का किया सफल आयोजन

- हहञ्चकठह सहकारी समितियों का भविष्य हैं महिलाएं : वैश्विक नेता कृषि क्षेत्र की महिलाओं के समर्थन में एकजुट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। वर्किंग वुमेन्स फोरम - इंडियन कोऑपरेटिव नेटवर्क फॉर वुमन (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-आइसीएनडब्ल्यू)ने डॉ. नंदिनी आजाद के नेतृत्व मेंसंयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग (63वें सत्र) के तहत एक ऐतिहासिक साइड इवेंट का सफल आयोजन किया। यह तीसरी बार है जब यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम नेमहिलाओं के सशक्तिकरण में सहकारी समितियों की भूमिकापर गहन विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान किया, विशेष रूप से निर्णय प्रक्रिया, निर्माण क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व पदों में भागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। वित्तीय समावेशन, लैंगिक समानता, और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस वैश्विक कार्यक्रम में कैरीकॉम, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ताइवान और मिस्त्र के प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों -तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली और झारखंड से 300 से अधिक जमीनी स्तर की महिला श्रमिकों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन को कई प्रमुख



वैश्विक संगठनों का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें ब्राजील सरकार के कृषि महिला प्रभाग, कैरिबियन कॉमन मार्केट, विश्व की सबसे पुरानी यूरोपीय क्रेडिट यूनियन, और वर्ल्ड फार्मर्स ऑर्गनाइजेशन शामिल थे। इन संस्थाओं ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-आइसीएनडब्ल्यू के मिशन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की और सहकारी समितियों के भविष्य को आकार देने में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। डॉ. नंदिनी आजाद, महिला सहकारी आंदोलनों की प्रमुख वैश्विक समर्थक हैं, इस ऐतिहासिक आयोजन की आयोजक थीं। उन्होंने दुनिया भर के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाकर महिलाओं की सहकारी समितियों में भूमिका और उनके महत्व पर चर्चा के लिए मंच उपलब्ध कराया। डॉ. आजाद को हाल ही में ॠ20 सोशल समिट, ब्राजील (नवंबर 2023 )में सम्मानित किया गया था, जहाँ वे उद्घाटन सत्र में बोलने वाली एकमात्र अंतरराष्ट्रीय नागरिक समाज कार्यकर्ता थीं। डॉ. नंदिनी आजाद ने कहा- यह कार्यक्रम महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों द्वारा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने की अविरल गति का प्रमाण है, और इस वैश्विक समर्थन के साथ, हम सहकारी आंदोलनों को और अधिक मजबूत कर सकते हैं और यह सुनिश्ि्त कर सकते हैं कि महिलाओं को वे सभी संसाधन और अवसर मिलें जिनकी वे हकदार हैं। इस आयोजन नेमहिलाओं की सहकारी समितियों में भागीदारी बढ़ाने, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और ढांचे के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। दूसरे सत्र में, डॉ. एच.एस. पद्मश्री जया अरुणाचलम वूमन माइक्रो एंटरप्रेन्योर एक्सीलेंस अवार्ड्स की घोषणा की गई।

दक्षिण भारत के तीन राज्यों में छह पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें गरीब महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी सहकारी समिति की सेवाओं का समर्पण के साथ उपयोग करके अपने संगठन को मजबूत किया।

# हथियार की नोंक पर एसबीआई के सीएसपी में दिनदहाड़े 5 लाख की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांगामाटी स्थित एसबीआई के सीएसपी में बुधवार को दिन दहाड़े हथियार की नोंक पर पांच लाख लुट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। उक्त घटना सीएसपी में लगी सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुट गई है। घटना रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-टाटा एन एच 33 पर सटे रंगामाटी-तड़ाई रोड में घटी। बताया जाता है कि एसबीआई सीएसपी केन्द्र के बाहर बिना नंबर वाली एक बाइक पहुंची। उस पर तीन लुटेरे पहले तो ग्राहक बन केंद्र में घुसे। पश्चात केंद्र का शटर गिरा कर हथियार निकाला और हथियार की नोंक पर तीनों अपराधीयों ने लुट की घटना को अंजाम दे कर आराम से उसी बाइक से फरार हो गये। तब सीएसपी संचालक शिवचरण पातर और ऑपरेटर जगदीश महतो केंद्र में मौजूद थे। संचालक ने बताया कि वे सुबह 11 बजे अपने सीएसपी केन्द्र में बैठे ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे कि अचानक एक बिना नंबर वाली अपाची बाईक से तीन लोग आये और सीएसपी केन्द्र के अंदर घुस कर पहले पुछताछ की आधार नंबर से पैसा निकलेगा कि नहीं और फिर पुछताछ करते-करते शटर को बंद कर दिया। फिर हथियार दिखा कर काउंटर में रखे सभी पांच लाख रुपये लुट लिये। घटना के बाद पीड़ित सीएसपी संचालक शिवचरण पातर तमाड़ थाने पहुंचे। तथा मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ले कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले के अनुसंधान करने में जुट गई है। बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश भी पांच लाख की लूट की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। बताया कि लुट की घटना हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बहुत जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## रोहिणी व केडीएच परियोजना से पीड़ित तुमांग के ग्रामीण ने की चर्चा, आगामी बैठक 16 फरवरी को



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** तुमांग पंचायत के मुखिया कार्यालय में डॉ अम्बेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार महली ने की। बैठक में तुमांग पंचायत के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान डॉ अम्बेडकर प्रभावित मोर्चा को तुमांग के विभिन्न ग्राम टोलो में मोर्चा को मजबूत करने एवं जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैठक करने का निर्णय लिया गया। रोहिणी परियोजना के प्रबंधन द्वारा प्रभावितों की अनदेखी सदैव की जाती रही है। रोहिणी एवं केडीएच परियोजना से पीड़ित डुब बस्ती, करकट्टा, खिलानधौड़ा एवं मैनेजर बंगला के ग्रामीणों को धूलकण, प्रदूषण, जहरीली गैस एवं पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मुखिया संतोष ने कहा कि ग्रामीणों के एक जुट करने के लिए जल्द ही तुमांग पंचायत के हर ग्राम टोला में बैठक किया जाएगा। जिसके लिए आगामी बैठक 16 फरवरी को खिलानधौड़ा में होगी। मौके पर

## स्पीड न्यूज

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कमेटी का गठन किया गया

**सिल्ली।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कोचों पहाड़ पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जनक लाल महतो ने किया बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि हर एक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया जाएगा साथ ही साथ नई कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष त्रिलोचन महतो, सचिव मोतीलाल महतो, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार महतो, संयोजक रास रंजन महतो, संरक्षक बृजेश महतो जनक लाल महतो रमन रंजन महतो, राजकुमार महतो, कार्यकारी सदस्य उत्तम महतो भूपेन महतो विनोद महतो सोमनाथ महतो रमेश महतो अशोक महतो आदि चुने गए।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संत रविदास जयंती मना



**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संत रविदास जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने संत रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें जात-पात से ऊपर उठकर उनके जीवन के आदर्शों का पालन करना, तभी हमारे जीवन सार्थक हो सकते हैं,और हम अपने देश को आगे ले जा सकते हैं। उनके द्वारा कही गई ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ इसका क्या मतलब है जिस व्यक्ति को इस के अर्थ का पता चल गया उसका जीवन सफल हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य दीदी मौजूद थे।

### डकरा में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाया गया



**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच डकरा के तत्वाधान में अंबेडकर पार्क डकरा में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती सादे समारोह के साथ मनाया गया। इस दौरान रविदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। वही बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर पर भी पुष्पांजलि अर्पित किया जिस। इस कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा सहित अन्य सदस्यों ने संत रविदास जी के विचारों को रखा। मौके पर कन्हाई पासी, राम परीखा राम, नारद राम, बिंदेश्वरी राम, रामदेव राम, सुखराम सेठ,परमेश्वर राम, रामबचन राम, भरत राम, सूरज कुमार, संजय राम, अशर्फी राम, संजय राम, जंग बहादुर राम, नंदकिशोर कुमार, जतन राम, रामेश्वर शर्मा, अमर लाल सतनामी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हिंडालको ने किया 50 टीवी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार एवं दवा का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुरी/सिल्ली।** मुरी हिंडालको कंपनी सी एस आर विभाग के द्वारा टीवी मरीज के बीच पौष्टिक आहार एवं दवा का वितरण किया गया। हिंडालको कंपनी की ओर से सिल्ली प्रखंड के हर एक पंचायत से टीवी मरीजों को बुलाकर अल्मुनियम क्लब में 50 मरिजो के बीच सी एस आर विभाग के अनिल सिंह के द्वारा पौष्टिक आहार एवं दवा दिया गया। वही अनिल सिंह ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग का कोर्स अंतिम चरण में है पौष्टिक आहार एवं दवा का सेवन ठीक से करें साथ ही साथ ठीक होने के बाद नशा का सेवन ना करें इससे दोबारा टीवी बीमारी आने की संभावना व्यक्त होती है। हमारा लक्ष्य है मुरी सिल्ली गांव में टीवी मुक्त कर देना इसके लिए हिंडालको कंपनी सदा तटपर रहेगी।

## काठीटांड़ में ट्रक को ओवरटेक करने में कार क्षतिग्रस्त

# कार सवार लोगों ने ट्रक चालक से की लूटपाट

- चार के खिलाफ प्राथमिकी
- पुलिस कर रही है पड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक में बुधवार की शाम करीब 4 बजे कार सवार सीसीएलकर्मी और उनके परिजनों ने खूंटी की ट्रक जेएच 01 ईडब्लू 0475 के चालक धर्मराज कुमार यादव से मारपीट कर 4 हजार नकद और गले से सोने की चेन लूट ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ भी बदसलूकी कर गाली-गलौज की गयी। मामले को लेकर ट्रक चालक के ब्यान पर रातू थाने में दो महिला समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपियों में नरेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, जयंती देवी व आकांक्षा कुमारी शामिल हैं। सभी खलारी डकरा के रहने वाले हैं। जबकि, धर्मराज कुमार यादव मूलरूप से बिहार का है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### जानें क्या है मामला

ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान कार में खरोंच आ गया। इससे गुस्साये नरेंद्र कुमार सिंह और उनके परिजन कार से उतरे। ट्रक चालक को ड्राइविंग सीट से खींच कर नीचे उतारा और मारपीट की। क्षतिग्रस्त कार की मरम्मत के लिये रुपये की मांग की और उसके पॉकेट से 4 हजार नकद निकाल लिये और गले से सोने की चेन भी लूट ली। नरेंद्र कुमार सिंह और उसके परिवार वाले पुलिस के साथ भी उलझ पड़े।

## कुंभ स्नान करने गये घर को चोरो ने बनाया निशाना

खबर मन्त्र संवाददाता



सीसीटीवी में कैद चोरी करने पहुंचे चोर।

**ओरमांझी।** अपने घरों पर ताला लगा कुंभ स्नान करने प्रयागराज जाने वाले के घरों को चोरों द्वारा निषाना बनाया जा रहा है। मेसरा थाना क्षेत्र से अपने स्वजनों के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान करने गए चंद्रमोहन गिरी के उत्तरायण वास्तु विहार फ्लैट को चोरों द्वारा निषाना बनाया गया है। बाया गया कि चंद्रमोहन गिरी अपने स्वजन सहित चार लोग 10 जनवरी को प्रयागराज गए हैं। बुधवार को बगल में रहने वाले लोगों को मकान का ताला टुटा देखकर आषंका हुए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जाकर आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली, वहीं कुंभ स्नान कर रामलला की दर्षन करने अयोध्या नगरी जा रहे चंद्रमोहन गिरी घटना की जानारी होने पर रास्ते से लौट गए। चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तीनो चोर कपड़े बांध कर अपने चेहरे छुपा रखे थें। वहीं हांथों में लोहे का हथियार आदि थें। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने महाकुंभ स्नान करने प्रयागराज या घर छोड़ कहीं जाने वालों से जरने से पूर्व थाना को सूचना देने की अपील किया गया है। कहा कितने की चोरी हुई है, मकान मालिक पहुंचने व मामला दर्ज होने के बाद ही बताया जा सकता है। चोर स्थानीय हो सकते हैं। जिन्हे प्रयागराज जाने व मकान खाली होने की जानाकरी होगी। चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 15 फरवरी को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू बीआईटी आने वाली हैं। इसकी तैयारी व्यवस्था में मेसरा थाना पुलिस लगी है। इसका भी फायदा चारों द्वारा उठया गया।

## महाशिवरात्रि को लेकर हुई बैठक



बैठक के बाद सदस्य।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के खुखरा गांव स्थित मुड़हर बाबा के प्रांगण में मंगलवार को प्रबंधन कमेटी की बैठक नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि को लेकर चर्चा की गई। जहां महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना, भजन कीर्तन और भंडरा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 फरवरी को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की व्यवस्था के लिए समिति का गठन किया गया। मेले की सभी व्यवस्थाएं अध्यक्ष नीरज सिंह की देखरेख में रहेंगी। उन्होंने कहा कि मेले में किसी प्रकार कोई समस्या नहीं होगी। इस दौरान मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहंगे। बैठक में पंचायत के मुखिया जतरु उरांव, अरुण गोप, अरविंद भोक्ता, विक्रम उरांव, सुरेश उरांव, अशोक भोक्ता, दीपक सिंह, विश्राम महतो, ओम प्रकाश साहू, राम नंदन दास गोस्वामी, दिगम्बर सिंह सहित ग्राम वासी मौजूद थे।

## निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन



**राहे।** मानिक चंद्र महतो इंटर कॉलेज बारूडीह, पारमडीह में लायंस क्लब का रांची ईस्ट के द्वारा निरामिया अस्पताल कोकर रांची एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति रांची एवं स्व नंदकिशोर लाल गुप्ता के परिवार के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष कुरमाली भाषा परिषद के डॉ राजाराम महतो, डॉ किरण चौधरी, सीदाम महतो, प्रो नीना महतो,आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ राजा राम महतो ने सभी उपस्थित अतिथियों का फूल माला व बुके देखकर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में धीरज महतो एवं उनकी टीम ढोल वादक हेमली कुमारी बाल कलाकार अश्वनी कुमार महतो ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ-साथ कई और लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से लगभग 200 से अधिक जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हरिदास महतो की देखरेख में 50 मरीजों के आंखों का जांच की गई।

## उदय बीएड कालेज में वार्षिक खूलकूद प्रतियोगिता

# अपने हाउस को जीताने को छात्रों ने लगाया दम

खबर मन्त्र संवाददाता



अपने-अपने हाउस के लिए खेलते प्रशिक्षु छात्र।

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कालेज केदल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बीएड व डीएलएड के विभिन्न हाउस के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किए, और अपने हाउस का जीताने को खुब दम लगाया। फुटबाल में बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें ट्राईब्रेकर में प्रथम वर्ष की टीम विजयी हुई। वहीं क्रिकेट का फाइनल मैच बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के बीच खेला गया। जिसमें बीएड द्वितीय वर्ष की टीम 17 रन से विजयी हुई। रस्सा-कस्सी में बिरसा मुंडा हाउस के प्रथम वर्ष के बालक व बालिका की टीम फाइनल जीता। वहीं महात्मा गांधी व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम हाउस संयुक्त रूप द्वितीय स्थान प्राप्त किए। शॉटपुट में बालक समूह से प्रथम स्थान रविन्द्र नाथ टैगोर, द्वितीय बिरसा मुंडा व तृतीय स्थान डा. ऐजीजे अब्दुल कलाम हाउस रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान महात्मा गांधी, द्वितीय रविन्द्र नाथ टैगोर व तृतीय स्थान डॉ एपीजे अब्दुल कलाम हाउस हुआ। परेड एवं पीटी में प्रथम मदर टेरेसा, द्वितीय स्थान बिरसा मुण्डा व तृतीय रविन्द्र नाथ टैगोर, टेबल टेनिस में प्रथम मदर टेरेसा व द्वितीय बिरसा मुंडा हाउस रहा, वहीं बैडमिंटन में प्रथम महात्मा गांधी, द्वितीय मदर टेरेसा व तृतीय रविन्द्र नाथ टैगोर आउस हुए। इसके अलावे प्रतियोगिता में कैरम, शोटपुट थ्रो, चेस, टेबल टेनिस, दौड़, कब्ड्डी, बाधा दौड़, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो व वालीबाल सहित कई इवेंट हुए। विजेता टीम व खिलाड़ियों को कालेज के सचिव संतोष महतो, निदेषक राजेष कंडरवार, प्राचार्य डा. चन्दन कुमार पंकज, उपप्राचार्या दयामनी कुमारी ने बधाई दी। वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक संदीप कुमार द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर में

### प्रखंड के विभिन्न भागों में मनी संत रविदास जयंती



मंचासीन अतिथि और छात्र-छात्रायें।

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास 648 वीं जयंती पर बड़े ही श्रद्धा से याद किये गये। मुख्य समारोह बिजुलिया स्थित जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक भंते जैनेंद्र कुमार तथागत ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब समाज में कर्मकांड, जातिवाद, छुआछुत और अंधविश्वास चरम पर था, तब भगवान रविदास आम जनमानस की आवाज बनकर उभरे और लोगों को जागरूक बनाया। तथागत ने छात्र-छात्रों को उनके बताये मार्ग पर चलने की नसीहत दी। वहीं, विद्यार्थियों ने भी रविदास के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। संचालन निदेशक प्रियांशु कुमार ने किया। इधर, सामाजिक कार्यकर्त्ता ओमशंकर गुप्ता के आमटांड़ स्थित आवासीय कार्यालय में भी रविदास जयंती पारंपरिक उल्लास के साथ मनायी गयी। समारोह में कॉलेज की प्राचार्या ज्योति तिर्की, अकेडमिक हेड आशीष कुमार, प्रबंधक हिमांशु सिंह, निकिता कुजुर, हिना परवेज, पूजा कुमारी, निधि पाठक, गुलशन कुमारी, पुनम कुमारी, सुनीता कच्छप, जमीमा खातून, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुंसाद मंजर, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, जुगनू कुमार, साकिब आलम, मोकिम अहमद, गंगाधर बैठा व अन्य कर्मी आदि शामिल थे।

### मेला छोटानागपुरी संस्कृति और परम्परा को जीवित रखने का प्रतीक है : राजेश कच्छप



**अनगड़ा।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम चिलदाग के जोड़ा तलाब के किनारे आयोजित प्रसिद्ध सती मेला बुधवार को नागपूरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य उत्सव के साथ संपन्न हो गया। सती मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पारंपरिक टुसू प्रदर्शनी और विविध प्रतियोगिताओं ने मेले को विशेष बना दिया। मेले में पूजा समिति के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप उपस्थित थे। विधायक श्री कच्छप ने कहा कि सती मेला छोटानागपूरी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का प्रतीक है। उन्होंने जतरा संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ने का आहवान किया विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी प्रमुख दीपा उराँव जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा रणधीर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथि के रूप में डॉ रिझु नायक विरेन्द्र सिंह भोक्ता डॉ दिनेश कुमार राजेश महतो शिवलाल महतो मुखिया रोशन मुण्डा पूर्व जिप सदस्य रंथा महली बनमाली महतो पंसस अनिशा खातुन झबुलाल महतो, सुप्रेश महतो, रबानी राज, अनिता देवी सरिता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे ' मेले का मुख्य आकर्षण टुसू प्रदर्शन रहा, जिसमें श्रद्धालु दूर-दराज से आए और पारंपरिक टुसू गीतों व झांकियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं, बालक-बालिका खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेला समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक राजेंद्र मुंडा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चिलदाग मुखिया सह संरक्षक दुर्गा पाहन संरक्षक श्रीनाथ मुंडा पूजा समिति अध्यक्ष रामनाथ महतो, सचिव बाबूलाल महतो कोषाध्यक्ष रामकुमार नायक, उपाध्यक्ष मदन साहू, तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं में पूजा समिति के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

### ओरमांझी दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर गगारी कुकुई नेशन क्वालिटी में शामिल



ओरमांझी का आयुष्मान आरोग मंदिर कुकुई।

**ओरमांझी।** प्रखंड दो आयुष्मान मंदिर गगारी व कूकई को नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टैंडर्ड में शामिल कर लिया गया है। इसकी जानाकरी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ रेणु बाखला ने बताया बेहतर गुणवत्ता युक्त स्वस्थय सेवा की सुविधा व उपलब्धता प्रदान करने को लेकर दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर को क्वालिटी ऐसुरेनश स्टेंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं इस उपलब्धी व सटिस्फाइटेड लक्ष्य कार्य से सम्मानित होने पर सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खुशी व्यक्त जाताया गया है। बताया एनक्यूएएस सरकार द्वारा संचालित करने का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों तक बेहतर ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित करना व सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतरता के साथ गुणवत्ता पूर्ण बनाये रखना है। दोनो केंद्रो को प्रत्येक छः माह पर जांच सेंट्रल व राज्यस्तरीय टीम द्वारा की जाएगी। बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवा में उच्चस्तरीय गुणवत्ता सर्टिफिकेशन कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरमांझी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कूकई व गगारी का एनक्यूएएस संबंधी नेशनल एसेसमेंट का कार्य नौ जनवरी व दस जनवरी को राष्ट्रीय पर्यवेक्षण दल द्वारा किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरमांझी का माह दिसम्बर 24 में जिले का एकमात्र राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणित केंद्र हो चुका है, और इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु टीम का निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। इस उपलब्धी के लिए चिकित्सा प्रभारी द्वारा बीपीएम विषाल मिश्रा सहित सभी कर्मियों को बधाई दी गई है।

# अनुशासन जीवन में बनाकर चले माता-पिता का आदर करें: शिल्पी

## वंडरलैंड स्कूल में बुधवार को दसवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में बुधवार को दसवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि कृषि,पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद हुई। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। बच्चे अपने शिक्षकों की बात माने। अपने अभिभावकों की बात माने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी आवश्यक है। इससे बच्चों का सर्वांगीण बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर ध्यान देना होता है। घर में बच्चों के साथ अभिभावक कुछ देर बिताए और उन्हें शिक्षा के बारे में बताएं। मंत्री ने विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने जो आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया हुआ काबिल ए तारीफ है। इससे विद्यालय के पढ़ाई और अनुशासन का पता चलता है। वही डायरेक्टर नेशार आलम ने स्कूल की संघर्ष गाथा बताते हुए कहा कि सिर्फ 12 बच्चों के साथ शुरू किया विद्यालय आज दसवां साल होते-होते तकरीबन 700 बच्चे अध्यनरत है। इसमें क्षेत्र के लोग और शिक्षकों का महत्वपूर्ण भूमिका है। बेस्ट कार्यक्रम का अवॉर्ड नागपुरी गीत बेरा उगेला को दिया गया। वहीं बेस्ट स्टूडेंट शगुन कुमारी, बेस्ट टीचर शगूफा प्रवीण को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा कच्छप और मिंज ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि को बुके और शाल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, प्राचार्या पुष्पांजलि साहु, हिना कौसर, अजुलता अनामिका एकता, रोजी, ज्योति, मुनिया, अंजेला सिखा, खालिद, स्मिता प्रकाश, नसीम अंसारी, मुस्लिम अंसारी, फारुख खान, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, अमानत अंसारी, रशीद अंसारी, एहसान अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज, आलमगीर समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# शेयर बाजार धराशायी

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार (12 फरवरी) को लगातार 6ठें ट्रेडिंग सेशन में गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 शुरूआती कारोबार में 1 फीसदी से ज्यादा फिसलने के बाद अंत में हल्की गिरावट लेकर बंद हुए। पिछले कुछ दिनों से भारतीय शेयर बाजार में निराशा का माहौल छाया हुआ है। जीडीपी की धीमी वृद्धि, देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नरम नतीजें और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से जुड़ी चिंताओं के कारण बाजार में दबाव दिख रहा है। पिछले 6 ट्रेडिंग सेशन में निवेशकों के 21 लाख करोड़ डूब चुके हैं। शेयर बाजार में पिछले (5 फरवरी) से जारी गिरावट की वजह से निवेशकों के 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बुधवार (12 फरवरी) को घटकर 4,07,46,408 करोड़ रुपये रह गया। पिछले बुधवार (5 फरवरी) को यह 4,28,03,611 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 20,57,203 करोड़ रुपये घटा है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) ने यदि आवश्यक हो तो टैरिफ का मजबूती और दृढ़ता से विरोध करने का फैसला किया है। ट्रम्प ने सोमवार को अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। उन्होंने और अधिक टैरिफ लगाने की भी चेतावनी दी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली का सिलसिला जारी है। एफआईआई लगभग हर रोज भारतीय स्टॉक बेच रहे हैं। एफआईआई ने मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में 4,486.4 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। निश्चित तौर पर ट्रंप के वापसी के बाद बाजार लगातार गिर रहा है जो चिंता का विषय है।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


# दिल्ली में भाजपा की जीत और आप की हार के सियासी मायने

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी 'आप', जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, उसे हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब बराबर कर लिया, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाए। अब उसमें इस बात की भी उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार लौट जाएगा।

2010 के दशक के शुरूआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने आम आदमी पार्टी यानी 'आप' का गठन कर दिल्ली विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश की। तब तक अन्ना हजारे की आड़ में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सामाजिक आभा इतनी चमका ली थी कि उनकी नवगठित पार्टी 'आप' ने कांग्रेस की पूरी और भाजपा की कुछ-कुछ राजनीतिक जमीन हड़प ली।

यदि गौर किया जाए तो 2013 में जब आप ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीती थी और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। कांग्रेस की इस एक मात्र भूल ने 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका सफाया कर दिया, वहीं आप की ओर मुस्लिम मतदाताओं के बढ़े रुझान से उसे रिकॉर्ड जीत मिली। क्योंकि कांग्रेस, भाजपा और जनता पार्टी/जनता दल जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के बाद आप एक ऐसी पहली क्षेत्रीय पार्टी बनी जिसने एक के बाद दूसरे राज्य यानी दिल्ली के बाद पंजाब में भी




- कमलेश पांडे

> भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था।वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई।

भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था।

वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले काफी ज्यादा रही। इसके बाद जब आप ने पंजाब में कांग्रेस को, दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त दी तो कांग्रेस किंकर्तव्यविमूढ़, लेकिन भाजपा चौकन्नी हो गई। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने यूपी, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए। उन्होंने 2023 में आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी दिलवा दिया। अपनी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बना ली।

इससे दूरदर्शी भाजपा नेतृत्व सजग हो गया। अरविंद केजरीवाल हर बात में उपराज्यपाल और प्रधानमंत्री को निशाना बनाते रहते थे। इस बीच लोकसभा चुनाव 2024 के पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने देशव्यापी इंडिया गठबंधन से जब आप की आंखमिचौली शुरू हुई, तो दिल्ली में कांग्रेस-आप में 4:3 का समझौता हो गया, जबकि पंजाब में दोनों में दोस्ताना मुकाबला हुआ। इसमें कांग्रेस ने आप को धो दिया और पंजाब में आप से दोगुनी सीट जीत ली। तभी यह तय हो गया कि आप को यदि अपनी राजनीतिक जमीन बचानी है तो कांग्रेस से दूर जाना होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह हुआ तो जरूर, लेकिन यहां भी आप का दांव उलटा पड़ गया।

दरअसल, आप एक ऐसी पार्टी के रूप में उभर रही थी, जो भाजपा और कांग्रेस से इतर सभी व्यवहारिक मुद्दों में स्पष्ट नजरिया रख रही थी। लेकिन जब से वह भाजपा के निशाने पर आई, उसकी भी रीति-नीति बदल गई। उससे टक्कर लेने के लिए वह जिन थैलीशाहों की शरण में गई, वही आप को ले डूबे। शराब घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब तक आप बिजली-पानी फ्री देने, स्कूल-अस्पताल को सुधारने आदि पर फोकस किया, तबतक लोकप्रिय बनी रही। लेकिन कोरोना काल की अवैध वसूली और अपनी कतिपय क्षेत्रवादी व अभद्र नीति से जहां वह जनता में अलोकप्रिय हुई, वहीं नीतिगत शराब घोटाले ने उसकी सरकार को ही जेल में डाल दिया। आप सरकार के मुख्यमंत्री की जेल यात्रा और पूर्व उपमुख्यमंत्री की जेल यात्रा तो महज एक बानगी रही, उसके अन्य मंत्री व सांसद भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए और बमुश्किल जमानत पर रिहा हुए।

उधर, भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, वायु प्रदूषण, यमुना जल प्रदूषण, दिल्ली के कुछ इलाकों के नारकीय हालात आदि पर इतना फोकस किया कि लोगों को यह महसूस हुआ कि दिल्ली में आप की सरकार के रहते दिल्ली का अब और विकास नहीं हो सकता। इससे पहले भी दिल्ली के विकास का सारा श्रेय शीला दीक्षित सरकार को जाता है। वहीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा' (आप-दा) करार दे दिया, क्योंकि यह सरकार विभिन्न महत्वपूर्ण केंद्रीय योजनाओं को दिल्ली में लागू ही नहीं होने देती थी। वहीं, कानून-व्यवस्था पर केंद्र सरकार को घेरती रहती थी, क्योंकि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अंतर्गत होता है।

हालांकि, जब भाजपा ने आरएसएस के सहयोग से आप को दिल्ली की गली-कूची में घेरना शुरू किया, तब स्थिति बदलती। छठ पूजा के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की सोच भी उनपर भारी पड़ी। कांग्रेस के खिलाफ सपा, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूटीबी आदि का समर्थन भी आप को भारी पड़ा, क्योंकि इनकी पहचान मुस्लिम परस्त और देशद्रोही पार्टी की बनती जा रही है। वहीं, दिल्ली के दंगों को, शाहीन बाग जैसे धरनों और किसान आंदोलन जैसे महानगर विरोधी आंदोलनों को प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन देना भी अरविंद केजरीवाल की राजनीति को भारी पड़ी।भाजपा ने दिल्ली के राजनीतिक दंश को दूर करने के लिए एक सुनियोजित रणनीति अपनाई, जिसमें हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक के अनुभवों को पिरोया।

## लेटर टू एडिटर

### कूटनीति की परीक्षा

ट्रंप सरकार ने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को वापस भेजकर सुरक्षा के लिहाज से सख्त कदम उठाया है। यदि मोदी सरकार ने ऐसा निर्णय लिया होता, तो विपक्ष इसका विरोध करता। हालांकि, भारत को ट्रंप से ऐसे समझौतों पर सहमति नहीं जतानी चाहिए, जो व्यापार और कारोबार पर नकारात्मक असर डालें।

**- राजेश कुमार, रांची**

### सफलता का मंत्र

**प्रधानमंत्री** मोदी ने परीक्षा पर चर्चा में छात्रों को परीक्षा को जीवन की अंतिम मंज़िल न मानने का संदेश दिया। उन्होंने मानसिक दबाव से निपटने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बनाए रखने की कला सिखाई। माता-पिता से आग्रह किया कि वे तुलना की प्रवृत्ति छोड़कर बच्चों की विशिष्ट क्षमताओं को प्रोत्साहित करें। यह पहल छात्रों को तनाव मुक्त रहकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की प्रेरणा देती है। **-रवि, मुरी**

## ट्वीट

**पिछले** तीन दिनों में महाकुंभ के सभी 8 स्टेशनों से 1,006 ट्रेनें संचालित की गईं, जिससे 41.67 लाख श्रद्धालुओं को सुविधा मिली।

आज सुबह से अब तक 188 ट्रेनें चलाई गई हैं और 10 लाख श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की गई है।

**- अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री**

**आप** सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं।

उनकी शिक्षा हमें मानवता की सेवा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं - उनके ये आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# प्रशांत किशोर की दक्षिण के नेता विजय के साथ मीटिंग क्या रंग लायेगी?

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

राजनीति

**तमिलनाडु** की मीडिया में दो राजनीतिक शख्सियतों का हालिया मिलन चर्चा का विषय बन गया है। प्रसिद्ध चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) ने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। 10 फरवरी को दोनों नेताओं के बीच लगभग ढाई घंटे की बैठक हुई जिसमें टीवीके के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए। मुलाकात के दौरान पार्टी के महासचिव एन आनंद और चुनाव रणनीतिकार जॉन अरोकियासामी भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात तमिलनाडु के चुनावी परिदृश्य को खासा प्रभावित कर सकती है।

प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भाजपा, जेडी(यू) कांग्रेस, टीएमसी सहित विभिन्न दलों के साथ काम किया है। वे अब चेन्नई पहुंच चुके हैं और कथित तौर पर तमिल सुपरस्टार विजय से हाथ मिला रहे हैं, जो अपनी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ राजनीति में उतरने वाले हैं। विजय का लक्ष्य अगले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ डीएमके का दमदारी से मुकाबला करना है। प्रशांत किशोर की विशेषज्ञता, विजय के लिए चुनावी रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

तमिल के मशहूर अभिनेता और पार्श्व गायक विजय का असल नाम जोसेफ विजय चंद्रशेखर है। उन्होंने 2 फरवरी, 2024 को तमिलगा वेट्री कझगम पार्टी की स्थापना की। उसी दिन, विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी के शुभारंभ की घोषणा की और 2026 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में उतरने का इरादा जताया। जिसके बाद अटकलें लगाई जाने लगीं कि प्रशांत किशोर 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए विजय को रणनीतिक सलाह दे सकते हैं।

तमिलनाडु की राजनीति में खलबली मचाने लक्ष्य से पहुंचे प्रशांत किशोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब कांग्रेस और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सहित विभिन्न राजनेताओं के लिए विजयी अभियान तैयार करने में उनके सफल ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए इसबार भी कुछ अलट-फेर करने की संभावना से किसी को इनकार नहीं है। विजय के साथ उनकी बैठक ने राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर दिलचस्पी पैदा कर दी है। बहुत सारे लोगों को इस बात का इंतजार है जब विजय की तरफ से पीके के सहयोग लेने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पीके और विजय ने तमिलनाडु की चुनावी गतिशीलता पर गहन चर्चा की, जिसमें 2026 के विधानसभा चुनाव में टीवीके के लिए आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पीके ने देशभर में विभिन्न दलों के लिए विजयी चुनावी रणनीति तैयार करने से प्राप्त अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की। यह संभावित सहयोग 2022 से ही चल रहा है, जब विजय ने राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए पीके से मुलाकात की थी।

एक सेलिब्रिटी के रूप में विजय को तमिलनाडु में काफी लोकप्रियता हासिल है और बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक हैं। अब राजनीति में उनके प्रवेश ने लोगों में खासी दिलचस्पी पैदा की है। कई लोग उन्हें अभी से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में संभावित गेम-चेंजर के रूप में देख रहे हैं। अन्य राजनेताओं की तुलना में विजय की सार्वजनिक स्थिति को ज्यादा मजबूत माना जा सकता है। वह पारंपरिक राजनेता नहीं हैं बल्कि एक सेलिब्रिटी से राजनेता बने हैं। इसके फायदे और नुकसान दोनों हैं। एक ओर, उनकी सेलिब्रिटी स्थिति उन्हें तुरंत प्रदेश के आम लोगों तक कनेक्ट कर सकती है और यह चुनावी मुहिम में दूसरों के ऊपर बढ़त दिला सकती है। वहीं, उनके पास राजनीतिक अनुभव की कमी है, जो उनके समक्ष राजनीतिक चुनौतियां बढ़ा सकती है। वे उन चुनौतियों का किस तरह मुकाबला करते हैं, इसपर सभी की निगाहें होंगी।

वैसे विजय की राजनीतिक विचारधारा वामपंथी प्रतीत होती है। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और तमिल राष्ट्रवाद के महत्व पर जोर दिया है। यह सभी मुद्दे मतदाताओं को पसंद आ सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनका मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से मोहभंग हो चुका है। बहरहाल, तमिलनाडु के चुनावी परिदृश्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि विजय और पीके के इस बैठक का दूरगामी प्रभाव हो सकता है। साथ ही साथ रणनीतिकार पीके की विजय के साथ की गई बैठक राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है।

# तो बहू कहां से लाओगे?

**-प्रियंका सौरभ**

समाज

हरियाणा में एक कहावत है, बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे? हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से बेटियों की कमी₹ से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं।

1994 के गभार्धान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दशार्ता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आमतौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं। पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं।

बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि ₹बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।₹ दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ. वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज से आगे बढ़ना चाहिए।

लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। लड़कियों को बचाने₹ के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।

उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढे। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें।

## स्पीड न्यूज

### एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में जन सूचना केंद्र की होगी स्थापना



**बड़कागांव।** बादम कोयला खनन परियोजना ने 11 फरवरी को एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़कागांव और हजारीबाग जिले के प्रमुख पत्रकारों ने हिस्सा लिया। प्रेस मीट की शुरूआत में परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया और बादम परियोजना की प्रगति की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में जन सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र स्थानीय नागरिकों को परियोजना से जुड़ी जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा। पत्रकारों के साथ चर्चा के दौरान, स्थानीय जनता की चिंताओं और अपेक्षाओं पर बात की गई। पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों को बादम परियोजना टीम ने गंभीरता से लिया और समाधान की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि स्थानीय समाज और परियोजना के बीच बेहतर समन्वय बना रहे। प्रेस मीट स्थानीय समुदाय और परियोजना के बीच संवाद का एक सकारात्मक प्रयास साबित हुई।

### झरपो में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रैदास जयंती



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत सचिवालय परिसर में संत शिरोमणि रैदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और संत रैदास जी के जीवन और उनके उपदेशों को याद करते हुए उनकी तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि संतों की कोई जाति नहीं होती, उनके कर्म ही उनकी पहचान होते हैं। उन्होंने संत रैदास जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संत रैदास जी का जन्म रविदास परिवार में हुआ था, और उन्होंने समाज में समता और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर रैदास समाज के लोगों ने उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम में विजय कुमार रविदास, सरजू राम, कार्तिक राम, जगरनाथ राम, अशोक राम, अनिल कुमार, रामु राम, ऋषभ कुमार, रेखा देवी, राधिका देवी, आशा देवी, रूपा देवी, पूनम देवी, बबीता देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, काजल कुमारी, सोनी कुमारी, कबूतरी देवी, फूलमती, संगीता कुमारी और कई अन्य महिला-पुरुषों ने भाग लिया। यह आयोजन संत रैदास जी के विचारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सराहनीय रही।

### शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए हजारीबाग के वीर सपूत, कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी (पुनीत) की शहादत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया। बुधवार सुबह विधायक ने शहीद के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति के लिए सांत्वना प्रकट की। विधायक ने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे हजारीबाग और झारखंड के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा, 'मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनकी वीरता और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।' हजारीबाग में शहीद की शहादत की खबर के बाद गमगीन माहौल छा गया। जिस परिवार में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस दुखद घटना को पूरे हजारीबाग की व्यक्तिगत क्षति बताते हुए परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने घोषणा की कि कैप्टन करमजीत की अंतिम यात्रा पूरे राजकीय सम्मान के साथ निकाली जाएगी और हजारीबाग के नागरिकों से बड़ी संख्या में इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने की अपील की। गुरुवार को जब उनका पार्थिव शरीर भारत माता चौक पहुंचेगा, वहां से उनके निवास स्थान तक यात्रा निकाली जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि हजारीबाग में शहीद के सम्मान में एक स्मारक का निर्माण और किसी महत्वपूर्ण स्थान का नाम उनके नाम पर रखने का प्रयास किया जाएगा। हजारीबाग सदर विधायक और समस्त नागरिकों ने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, हमने न केवल एक बहादुर सैनिक खोया है, बल्कि एक होनहार युवा भी खोया है, जिसने हजारीबाग का नाम रोशन किया था। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जाएगा।

### हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहादत को सांसद ने किया सलाम



**हजारीबाग।** हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। इस बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के सर्वोच्च बलिदान पर समस्त हजारीबाग समेत पूरा राष्ट्र सदैव आपका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि समस्त हजारीबाग के लिए अत्यंत दु:खद खबर और हृदयविदारक खबर है। उन्होंने ईश्वर से वीर सपूत की आत्मा को शांति देने की कामना की साथ ही कहा कि उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। पूरा हजारीबाग एकजुट होकर उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने शहीद कैप्टन के शहादत को सलाम भी किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि शहीद कैप्टन के परिवार के साथ हमारा गहरा नाता रहा है और हजारीबाग के इस लाल के साथ ही देश ने एक सच्चे देशभक्त को हमेशा के लिए खो दिया।

# बड़कागांव में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण रथ का भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 97वीं जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे जागरण अभियान रथ का बड़कागांव में शहीद जगदेव विचार मंच के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

रथ के आगमन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत आदर्श मध्य विद्यालय के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर परिसर में अमर शहीद जगदेव प्रसाद और गुरुदयाल महतो की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ 2 फरवरी को पटना के चितकोहरा से अपनी यात्रा शुरू कर बड़कागांव पहुंचा। इस रथ का नेतृत्व डॉ. संत कुमार सिंह कर रहे हैं। बड़कागांव में रथ का स्वागत जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को साझा करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया गया। इस मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों ने उनकी प्रेरणा को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सेवानिवृत्त डीएसपी मुटुकधारी महतो, कुशवाहा समाज के प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मीनू महतो, डॉ. बालेश्वर महतो, प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, सबुर महतो, झमन प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिव शंकर कुमार और श्याम नंदन कुमार समेत सैकड़ों महिला और पुरुष मौजूद थे।

## भू-राजस्व वसूली शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कटकमदाग।** प्रखंड के कदमा में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार और हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के आदेश पर भू-राजस्व वसूली शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपनी भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा किए। साथ ही, शिविर में भू-राजस्व का भुगतान भी किया गया।

अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो ने जानकारी दी कि अगला भू-राजस्व वसूली शिविर 14 फरवरी को मसरातू में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कटकमदाग अंचल के सभी निवासियों से अपील की कि वे इस शिविर में पहुंचकर भू-राजस्व जमा करने में सहयोग करें। यह शिविर क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी रहा, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान और राजस्व भुगतान के लिए एक प्लेटफॉर्म प्राप्त किया।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें भूमि सुधार उपनिरीक्षक बालेश्वर कुमार, अंचल निरीक्षक विक्रम कुमार, मिथलेश कुमार, रौशन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद दीपक कुमार सिंह, तापेश्वर साव, कांग्रेस नेता असगर अली और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## चरही चनारो में अवैध चिमनी भट्ठों का खेल जारी

- कोयला तस्करी से बढ़ा प्रदूषण, प्रशासन मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चुरचू।** चरही चनारो गांव में अवैध चिमनी भट्ठों का संचालन धड़ल्ले से जारी है, जहां बिना किसी अनुमति के कोयले का अवैध परिवहन और उपयोग किया जा रहा है। इस गैरकानूनी गतिविधि के कारण क्षेत्र में वायु और जल प्रदूषण खतरनाक स्तर तक बढ़ चुका है, जिससे स्थानीय निवासियों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

**प्रशासनिक उदासीनता से फल-फूल रहा अवैध कारोबार :** ग्रामीणों का कहना है कि चरही महाप्रबंधक की निष्क्रियता और सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) के सुरक्षा बल कर्मियों की लापरवाही के कारण कोयले की तस्करी बेरोकटोक जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, तापीन, पिंडरा, कजरी, फुसरी, बेहरा डंप और 14 माइल साइडिंग से कोयले की अवैध ढुलाई हो रही है, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, जन-जागरूकता अभियान की मांग :** पर्यावरण और स्वास्थ्य को हो रहे नुकसान को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई, तो इसका असर आने वाली पीढ़ियों तक देखने को मिलेगा। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस अवैध गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा, या फिर यह काला कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा?

## स्वराज ट्रैक्टर चोरी का खुलासा: दो आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में स्वराज कंपनी का एक ट्रैक्टर चोरी होने के मामले का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वादी कैलाश यादव ने थाना में आवेदन देकर बताया कि दिनांक 24 दिसंबर 2024 की रात उनके घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद टाटीझरिया थाना में कांड संख्या 86/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिश्रुगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मानवीय और तकनीकी स्त्रोतों का उपयोग करते हुए टीम ने सीमावर्ती जिलों में छापेमारी अभियान चलाया। गहन जांच और प्रयासों के बाद टीम ने चोरी में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी में आशीष यादव (21 वर्ष), पिता प्रकाश यादव, निवासी खम्भ्वा बांडी, टाटीझरिया, हजारीबाग, उत्तम कुमार मिस्त्री (39 वर्ष), पिता अशोक मिस्त्री, निवासी खरखरी, थाना मधुबन, धनबाद शामिल है। छापेमारी दल में बी.एन. प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिश्रुगढ़, सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, टाटीझरिया, पवन कुमार, पु०अ०नि०, दीपक कुमार पाल, स०अ०न०, आबिद हुसैन अंसारी, हवलदार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस के इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस के प्रयास की सराहना की है।

## प्रमुख समाज सुधारक थे संत रविदास : डॉ. एकेएस झा

- जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में धूमधाम से मनी संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एके एस झा और संचालन वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर तमाम शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बारी-बारी से संत रैदास जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया सामूहिक रूप से कॉलेज में शांति, समृद्धि के लिए अरदास किया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने मध्यकालीन भारत के महान संत के रूप में प्रकट हुए। वर्तमान में भी उनकी युक्ति मन चंगा तो कठौती में गंगा सार्थक प्रलक्षित बनारस और प्रयागराज महाकुंभ में दिखाई दे रहा है। हिंदी विभागाध्यक्ष सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशेश्वर रविदास ने मंगलाचरण पाठ किया और परमपिता परमात्मा संत रविदास जी से आराधना की। अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी भक्ति और कर्म के योग से जाति और धर्म से ऊपर उठकर एक प्रमुख समाज सुधारक के रूप में प्रकट हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी पांडेय ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने बाह्य आडंबरों रहित और मानवीय गुण शुद्ध मन, पवित्र विचार, सुंदर व्यवहार को जीवन में गुरु के आदेशानुसार काम करते हुए भक्ति के साथ समाज, देश और विदेशों में भी उनकी महिमा का गुणगान सदियों से चलता चला आ रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. राजेश कुमार, प्रो. टीके झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. बालमुकुंद, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार, सुशील, महावीर, दीपक, गायत्री, नारायण, सोमनाथ, कृष्णा, रामदेव केसरी, अमित, रूपा, पारो, संध्या, सनी, रामदेव सहित छात्र-छात्राओं और दर्जनों स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

### संत रविदास और महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई



**रजरप्पा।** छोटकी लारी में बुधवार को संत गुरु रविदास की 648वीं तथा दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों की तस्वीरों पर मल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। सेवानिवृत पुन्नू राम नायक पिछले 52 वर्षों से संत रविदास जयंती मनाते आ रहे हैं। इस दरम्यान बच्चों ने गुरू रविदास के भजन गाए। बच्चों के बीच प्रसाद एवम चॉकलेट बांटा गया।

### कुंभ गए परिवार के घर हुई चोरी



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना अंतर्गत मुर्रामकला में एक परिवार कुंभ मेला गया था। परिवार के कुंभ जाने के उपरांत चोरों द्वारा उनके आवास में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि घर के मालिक मिथलेश महतो के बंद घर से डेढ़ लाख के जेवरात और महतपूर्ण दस्तावेज चोरी की गई है। घटना रात 11:00 बजे की है। घर के मालिक की मां सालाखों देवी ने बताया कि उन्होंने घर में कुछ आवाज सुना। जब दरवाजा खोला तब एक युवक जो 16-17 साल का था उसे भागते हुए देखा। बताया की चोर द्वारा अलमारी में रखा डेढ़ सौ ग्राम सोना, 100 ग्राम चांदी और जमीन के दस्तावेज चोरी कर लिया गया है। सालखों देवी ने बगल के मकान में रहने वाले अपने दूसरे बेटे किशोर महतो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की।

### सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक भूरकुंडा में 14 को : आरपी सिंह चंदेल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कार्यालय आगामी 14 फरवरी को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के राज्य कमेटी के द्वारा रामगढ़ जिला कमेटी के संगठन की देखरेख करने के लिए पार्टी के झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉ. संजय पासवान को नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी के सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि इस बैठक में सीपीएम का 8वां झारखण्ड राज्य सम्मेलन में संगठन एवं आंदोलन के संबंध लिए गए फैसले को रामगढ़ जिला में लागू करने को लेकर 14 से 20 फरवरी तक जनबिरोधी केंद्रीय के खिलाफ बिरोध कार्यक्रम करने एवं रामगढ़ जिला से संबंधित अन्य बिषयों पर कॉ. संजय पासवान, राज्य सचिव मंडल सदस्य मार्गदर्शन करेंगे।

### यज्ञ को लेकर सांडी शिव नगर कॉलोनी में किया गया भूमि पूजन



**कुजू।** श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को सांडी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य राकेश कुमार पांडेय और पुरुषोत्तम पांडेय ने भूमि पूजन में बैठे यजमान हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। जबकि महावीरी झंडे के पूजन पश्चात नगर भ्रमण किया गया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कॉलोनी से निकलकर सांडी चौंक, जीवन रेखा अस्पताल, टूटी झरना मोड आदि स्थान होते हुए पुन: वापस पहुंचकर झंडे का ध्वजारोहण किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि उक्त यज्ञ आगामी 23 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें भक्ति की बयार बहेगी। मौके पर भुनेश्वर महतो भुन्नू, संजय कुमार, नीरज झा, रामसहाय बेदिया, लाली बेदिया, राजू साव,मेवालाल महतो, अशोक सिंह उर्फ भोला सिंह, राकेश चौधरी आदि शामिल थे।

### किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है : तेजपाल महतो



**रजरप्पा।** एनएच 23 छोटकीपोना स्थित नयामोड़ में नवीन प्रतिष्ठान ओम टेलिकॉम सेल्स एवं सर्विस (मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) का शुभारंभ बुधवार को किया गया। शुभारंभ कविलास देवी एवं तेजपाल महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को बधाई दी। साथ ही तेजपाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक ब्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। नयामोड़ जैसे क्षेत्र में ओम इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर बिनोद कुशवाहा के द्वारा बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों का दुकान खोला जाना बहुत ही गर्व की बात है। इस दुकान में बेहतरीन एवं किफायती दर सामान मिलेंगे।संचालक विनोद कुमार कुशवाहा एवं दीपक कुमार ने बताया कि यहां फाइनेंस की सुविधा भी है। इस शॉप में एसी, मोबाइल, कूलर, रेफ्रीजरेटर, स्मार्ट टीवी, वशिंग मशीन, साउंड बार, स्मार्ट फेन उपलब्ध हैं। मौके पर आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, पंसस शम्भु कुमार सहित नंदकिशोर राम दांगी, तारा देवी, अमर, गुड्डू, मोहन कुमार आदि मौजूद थे।

## कुजू में संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में श्री श्री संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती समारोह मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम व संचालन मेघलाल राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी नौशाद आलम उपस्थिति थे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा रैदास जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गयी। बाद अतिथियों ने रैदास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे संत सदियों में कभी कभार जन्म लेते हैं जो कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, भक्ति की नई परिभाषा गढ़ने, और पाखंड से दूर रहने की बात बताए। उनके समकालीन सभी संतों ने उनकी भक्ति की शक्ति को देखते हुए उन्हें सभी संतों से ऊपर मानने को तैयार हुए। इसलिए उन्हें श्री श्री संत शिरोमणि की ऊपाधि दी गई। कार्यक्रम में अमर सिंह, रामकुमार साहू, सन्तोष मेहता, लक्ष्मण राम, सुरेश राम, अरविंद राम, सन्तोष भुईयां, राजू नायक, कपूर भुईयां, सुरेश भारती, बिनोद राम, बलराम रविदास, मानिक राम, बहादुर राम, सुनिल राम, आनंद राम, अंबिका राम, प्रदीप राम, पिंटू राम, अजय नायक, दुर्गा नायक, अमरदीप राम, विकाश राम, दिलीप राम, संतोष राम, रवि राम, अनिता देवी, गुलाबी देवी, मंजू देवी, किरन देवी, सरिता देवी, रजिया देवी, कांति देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# संत रविदास ने सभी वर्गों के कल्याण के कार्य किये : रोशन लाल चौधरी

- डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच ने भुरकुंडा में मनाई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच द्वारा भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल में श्रीश्री संत शिरोमणि गुरु रैदास जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के तस्वीर की पुरोहित शिवनंदन दास एवं मुख्य पुजारी ज्ञानी राम द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संत रविदास जनमानस के कल्याण के युगपुरुष थे। जिन्होंने सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया एवं अपनी भक्ति से लोगों के जीवन को समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और उसका पालन व रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। हमसभी को अपने जीवन में दूसरों की भलाई के लिए सहयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मनोज राम ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अनेको भजन व गीतों की रचना की। साथ ही जनमानस के कल्याण में उन्होंने अपना समग्र जीवन लगाया। उन्होंने कहा कि वे वैसे संत थे जिन्होंने जात-पात, गरीबी-अमीरी से उपर उठकर सबों के लिए एक समान जीवन के अधिकार, स्वतंत्रता और अनुशासित जीवन शैली के अधिकारों पर बल दिया। श्री कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जनमानस के कल्याण के अद्वितीय उदाहरण हैं। मंच के सचिव राजन राम ने संत शिरोमणि गुरु रैदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर राम ने किया।

समारोह में पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, बालेश्वर राम, विजय राम, दिनेश राम, रविंद्र दास, विजय मेहरा, भोला राम, ज्ञानी राम, कर्मवीर राम, अरविंद दास, बबलू राम, प्रदीप राम, दिनेश, विक्की, रवि, मिथिलेश, टिंकू राम, प्रमोद दास, सोनू राम, अनिल राम, प्रकाश राम, शंकर राम, हरिबोल राम, लखन राम, लक्ष्मण राम, मुकेश राम, मनोहर राम, टिंकू राम, सुजीत राम, लगनू राम, मिथिलेश राम, लक्ष्मण राम, प्रयाग राम, जगन्नाथ पासवान, बालकिशन राम, रामेश्वर राम, चतुर राम, विक्रम राम, प्रीतम, राजकुमार दास, अरुण राम, कंचन दास, अनिल करमाली, निर्मल राम, विजय राम, श्रवण कुमार, शिवकुमार, मोगल राम, संजय भुंइया, राम अवतार भुंइया, आजाद भुंइया, अनिल राम, पप्पू राम, अनिल, अनीता करमाली, प्रमोद राम, रामेश्वर राम, नितेश भुंइया, सागर राम, विश्वजीत गोप सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बाबा तिलका मांझी ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी

- प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी की जयंती मनायी गयी



**कुजू।** प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी (मुर्मू) की जयंती मुरपा फोरलेन सड़क स्थित अक्षत बैंकेट हॉल (पंजाबी ढाबा) में मनायी गयी। जयंती समारोह की अध्यक्षता अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम जिला उपाध्यक्ष मनोतन मुंशी मांझी व संचालन जिला सचिव मनोतन गंगा मुर्मू ने किया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम केंद्रीय अध्यक्ष (दिशोम मांझी हड़ाम) बिनोद किस्कू व विशिष्ट अतिथि के रूप में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय कोषाध्यक्ष (जोगवा) दीपक टुडू शामिल हुए। इस दौरान अतिथियो को फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने बाबा तिलका मांझी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर अतिथियों ने कहा कि तिलका मांझी भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके संघर्ष और बलिदान से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें महाराणा प्रताप के बाद दूसरा सेनानी माना जाता था। उन्होंने मंगल पांडेय से लगभग 70 साल पहले 1784 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाए थे। इस समारोह के मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष नरेश हांसदा, रामकुमार बास्के, केन्द्रीय सदस्य विजय किस्कू, जिला कोषाध्यक्ष सानू सोरेन, उपाध्यक्ष चन्द्रदेव मराण्डी, सह कोषाध्यक्ष चंदन हेम्ब्रोम, बिरजू सोरेन, सोहन बास्के, विजय मुर्मू, भोला मुर्मू, अजय टुडू, शिवधन सोरेन, सकलदेव करमाली, अजय, कमलेश पांडेय सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष शामिल थे।

# प्रेम तो हाट बिकाय

### प्रेम तो हाट बिकाय
### प्यार के इजहार का खास मौका है वेलेंटाइन डे
### सोशल मीडिया मंचों के जरिये बसती प्रेम की नयी दुनिया

प्यार के इजहार का खास मौका है वेलेंटाइन डे। एक जमाने में प्रेमी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करते थे। फिर चोरी-छिपे प्रेमपत्र पहुंचाने और मिलने का सिलसिला। इसका विरोध भी होता था। प्रेम टैबू जो था। लेकिन अब इंतजार व विरोध, दोनों ही गायब हैं। दरअसल साइट्स-एप्स के जरिये इंस्टैंट लव तारी है। बेशक कहा जा रहा है कि आजकल युवाओं के पास न टिकाऊ प्यार की फुर्सत और न ही कोमल भावनाएं? लेकिन बिल्कुल ऐसा भी नहीं। दरअसल, प्रेम की कांसेप्ट बदल गयी। नयी पीढ़ी प्रेम निभाना भूल गयी। तभी तो कुछ डेटिंग पर बातचीत और मैसेजिंग की कोचिंग लेने लगे हैं।

क्षमा शर्मा

नब्बे के दशक में जब वैलेंटाइन डे अपने देश में पहुंचा तब एक प्रकार का शोर हर जगह उठा। बहुत से लोग उसका विरोध करने लगे। कहा जाने लगा कि प्रेम का ऐसा सार्वजनिक प्रदर्शन उचित नहीं है। वैलेंटाइन क्यों, डांडिया रास क्यों नहीं। यह भी बताया जाने लगा कि अपने देश में तो प्रेम सदियों से रहा है, अब अलग से वैलेंटाइन जैसे नए दिन की क्या जरूरत है। साहित्य की बातें की जाने लगीं। ?ख-शिख वर्णन और नायिका भेद के उदाहरण दिए जाने लगे। ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय की बातें की जाने लगीं। पुराने जामाने के प्रेम के गानों जैसे कि ह्यतुम मुझे न चाहो तो कोई बात नहीं, मेरी बात और है मैंने तो मोहब्बत की हैह्न के बारे में बताया जाने लगा। शरतचंद्र के उपन्यास देवदास के उद्धरण देखने को मिलने लगे। देवदास फिल्म की बातें होने लगीं। लेकिन वक्त के साथ यह विरोध हवा में विलीन हो गया। अब कोई वैलेंटाइन का विरोध करते नहीं दिखता। यह भी कि अब वैलेंटाइन का शोर भी कम हो चला है।

### प्रेम की अवधारणाएं पड़ी पुरानी

आज तो प्रेम की सबसे ज्यादा बातें डेटिंग एप्स और वेबसाइट्स के जरिये हो रही हैं। इनके अनुसार प्रेम की वे अवधारणाएं पुरानी पड़ गईं जिनमें कहा जाता था कि प्रेम तो बस एक ही बार किया जाता है। बल्कि कहा तो यह जाने लगा है कि प्रेम शादी के बाद नहीं रहता। इसलिए हर बार उसे नए सिरे से खोजना पड़ता है। अब वियोग या विप्रलम्भ के दिन नहीं बचे हैं। जब मर्जी आए प्रेम कीजिए। शादीशुदा हैं या गैर शादीशुदा, प्रेम के दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। लोककथाओं में ऐसी कहानियां आती हैं न कि किसी राजकुमार ने एक सुनहरा बाल नदी में बहते देखा और सोच लिया कि जिसका बाल इतना सुंदर है, वह खुद कितनी सुंदर होगी और उसे ढूंढ़ने निकल पड़ा, ऐसी सोच के दिन गए। ह्यभरे भौन में करत हैं नैनन ही सौं बातह्न को कोई पूछने वाला नहीं रहा। अब तो प्रेम में दो नए शब्दों का बोलबाला है-सिचुएशनशिप और नैनोशिप यानि कि प्रेम किसी सिचुएशन में जन्मा और खत्म हुआ या कि एक मुस्कराहट या मीठा बोलना भर प्रेम का प्रतीक है। एक समय में प्रेम पत्र खूब लिखे जाते थे, लेकिन अब कौन है जो प्रेम पत्र लिखता होगा। उनका इंतजार करता होगा। जीवन से चिट्ठियां ही गायब हो गई हैं।

### रिलेशनशिप के लिए फुर्सत का सवाल

कई साल पहले यह खबर आई थी कि इटली में एक ऐसा स्कूल खुला है, जिसमें प्रेम पत्र लिखना सिखाया जा रहा है। इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य बताया गया था कि युवा यह भूल गए हैं कि अपने प्रेम को लिखकर कैसे अभिव्यक्त किया जाए, इसलिए यह स्कूल खोला जा रहा है। गुलाम अली की गायी वह गजल तो सुनी होगी कि ह्यतुम्हारे खत में वो इक नया सलाम किसका था।ह्न लेकिन सलाम का पता तो तब चलेगा, जब कोई खत लिखेगा। आज तो पोस्ट ऑफिस अपने दुर्दिनों पर रो रहे हैं। लैटर बाक्स खाली पड़े हैं। डाकिए दिखाई नहीं देते। क्योंकि अब पत्र तो मेल , मैसेज में सिमट चुके हैं। मध्य वर्ग की युवा पीढ़ी के बारे में कहा जाता है कि वह पढ़ाई और अपने कैरियर में इतनी व्यस्त है कि उसे रिलेशनशिप और संबंधों के लिए वक्त ही नहीं है। ऐसे में प्रेम की बात कौन करे। प्रेम सहना और एक-दूसरे की बात सुनना भी सिखाता था, लेकिन अब किसके पास इतनी फुरसत है कि चांदनी रात में छत पर लेटे हुए, वह अपने किसी प्रिय के बारे में सोचे। इसलिए आज अगर रिलेशनशिप में हैं भी, तो कल सिंगल हैं।



# वेलेंटाइन्स डे

## प्यार की अनुभूति और अभिव्यक्ति का दिन

जब प्रेम टैबू की तरह था

वैसे की प्रेम की कितनी भी दुहाई देते रहें, आज भी अपने देश में तो प्रेम एक टैबू की तरह है। इस अपराध में न केवल लड़के-लड़कियों बल्कि उनके परिवार वालों की गर्दनें तक उड़ा दी जाती हैं। अपनी पीढ़ी में वे दिन भी याद हैं कि जब सिर्फ किसी की तरफ देखने के अपराध में लड़कियों का घर से बाहर निकलना बंद कर दिया जाता था। उनकी पढ़ाई छुड़वा दी जाती थी। यही नहीं कुछ लफंगे, लड़कियां जहां पढ़ती थीं, उन स्कूलों में गुमनाम प्रेम पत्र नमक-मिर्च लगाकर लिखते थे। और फिर भरी प्रार्थना सभा में वे पत्र पढ़े जाते थे। लड़की को तरह-तरह से लानतें भेजी जाती थीं। उसके घर वालों को स्कूल में बुलाकर शिकायत की जाती थी। कई बार तो लड़की को बदनामी के डर से स्कूल से निकाल दिया जाता था। अगर लड़की ने किसी को पत्र लिख दिया और वह उस लड़के ने किसी और को दिखा दिया, तो लड़की की शामत आ जाती थी। ब्लैक मेलर्स की फौज इकट्ठी हो जाती थी। लड़की की कहीं शादी भी तय हो, तो वहां तक जा पहुंचते थे और शादी टूट जाती थी। प्रेम करने से बड़ा अपराध कोई नहीं था। कहने को यह था कि ढाई आखर प्रेम का पढ़े, सो पंडित होय।



कोमल भावनाओं की तलाश

ऐसे में यदि आज की पीढ़ी प्रेम करना भूल भी गई हो तो क्या आश्चर्य। यों दुनिया में लोग बड़ी संख्या में वैलेंटाइन डे मनाते रहे हैं, लेकिन वास्तविक प्रेम और उसकी कोमलता कितनी बची है। एक जमाने में प्रेम से जुड़े फिल्मी गीत सबकी जुबान पर चढ़ जाते थे। आज तक भी उनकी मधुरता नहीं भूली। लेकिन इन दिनों तो साहित्य, फिल्मों, धारावाहिकों सब में मारामारी मची है। जितनी मारामारी,जितना कनफ्लिक्ट, जितना आई हेट यू, उतनी ही रिकार्ड तोड़ सफलता।

रिश्ते बनाने-निभाने की भी ट्रेनिंग

ऐसे में अभी जब यह पढ़ा कि लड़के इन दिनों डेटिंग पर जाने से पहले लाखों रुपए खर्च करके बातचीत के तरीके और कैसे कोई मैसेज लिखें, इसके लिए युवा कोच की मदद ले रहे हैं, तो इटली में खुला वह स्कूल याद आ रहा है। लड़के पूछ रहे हैं कि जो लड़की पसंद आए, उससे रिश्ता बढ़ाने के लिए आगे कैसे बढ़ें। इसलिए प्रेम की ट्रेनिंग देने वाले बता रहे हैं कि महिलाओं के मनोविज्ञान को कैसे समझा जाए। यही नहीं वे लड़कों को सजना, संवरना भी सिखाते हैं। इसमें एक सलाह यह होती है कि अगर कोई स्त्री आपकी तरफ देखकर मुस्कराती है या अपने पैर आपकी ओर बढ़ाती है, तो समझिए कि वह आप में दिलचस्पी रखती है। है न मजेदार, जबकि लड़कियां सदियों से इस बात के लिए परेशान होती रही हैं कि अगर वे मुस्करा भर दें, तो लड़के समझते हैं कि वे उन्हें लिफ्ट दे रही हैं। लड़कों को ट्रेनिंग देने वाले बहुत से कोचों का यह भी मानना है कि भारतीय पुरुष अकेले हैं। तमाम तरह की वर्जनाओं के कारण वे नहीं जानते कि लड़कियों से बात कैसे की जाए। वे यह भी बता रहे हैं कि किसी लड़की या स्त्री के सामने ऐसे न दिखाएं कि बस आप ही उसकी तरफ आकर्षित हैं। उसका पीछा मत कीजिए, बल्कि उसे पीछा करने दीजिए। दिलचस्प यह है कि इन सलाहकारों की संख्या बढ़ती जा रही है। ये लाखों की नौकरी छोड़कर, लड़कियों के साथ कैसे सम्बंध बनाएं, ये सिखा रहे हैं और नौकरी के मुकाबले बहुत अधिक पैसा कमा रहे हैं। प्रेम जैसी कोमल भावना को भी व्यापार में तब्दील कर दिया गया

### रोमांस स्कैम का जाल

नगरों से ही नहीं, अब तो गांवों से भी आए दिन ठगी से ऐसे मामले सामने आने लगे हैं। जिनमें पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का सहारा लिया गया फिर धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे ठगे जाते हैं। जालसाजी का यह रंग-ढंग वैश्विक स्तर पर विस्तार पा रहा है। हर आयु वर्ग की महिलाएं ठगों के निशाने पर होती हैं। कुछ समय पहले मलेशिया की 67 वर्षीय महिला सात साल तक चलने वाले ऑनलाइन लव स्कैम का शिकार हुई। जिसमें उससे करीब 4.4 करोड़ रुपये ठगे गए। हैरानी है कि महिला कभी अपने कथित साथी से नहीं मिली। भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। कई सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। हाल ही में दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बम्बल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों को भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए



मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने से इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे ठगे। बीते दिनों ऑनलाइन ठगी का एक और तरीका भी सामने आया। राजस्थान के झालावाड़ में शादी का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त को

# रोमांस स्कैम का सूत्रधार प्रेम दिवस

गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने एक महिला को बहकावे में लेकर करीब 23.50 लाख रुपये अपने खाते में जमा करवाने के बाद अपना फोन नंबर तथा सोशल साइट अकाउंट ब्लॉक कर दिया। ऐसे मामले झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। प्यार करने के भ्रम भरे सम्बन्धों के घेरे में ना आएं।

आभासी जालसाजी के वास्तविक नुकसान

झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझिए। मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो चला है। प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और सम्बन्धों में खटास आने जैसे अनगिनत खमियाजे झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी बाध्य किया जाता है। संगठित तरीके से पैसों की उगाही करने की आपराधिक गतिविधियों के दलदल से उनका निकलना मुश्किल हो जाता है।

असल में ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए ही नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोल दिया है। डिजिटल क्रांति लाने वाला यह बदलाव व्यक्तिगत जीवन में पहले से ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

# प्यार, और बलिदान का प्रतीक नेतरहाट का मैगनोलिया प्वाइंट

### अंग्रेज गवर्नर की बेटी और आदिवासी चरवाहे की अमर प्रेम कहानी,



**वेलेंटाइन** वीक चल रहा है। प्यार को समर्पित यह सप्ताह है। हर तरफ मोहब्बत की बातें हो रही हैं। प्रेम कहानियों की चर्चा हो रही है। एक प्रेम कहानी झारखंड की भी है। इस कहानी में संपूर्ण समर्पण का ड्डाव दिखता है। जुदाई में होने वाली तड़प है। तड़प ऐसी कि उसमें मौत को गले लगाना जिंदगी जीने से बेहतर लगने लगता है।

प्रेम की अनेकों कहानियां हैं, जिसकी दुनिया भर में चर्चा होती है। कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हैं जो गुमनामी के अंधेरे में खो गयीं। झारखंड में भी ऐसी ही एक चर्चित अमर प्रेम कहानी है। अंग्रेज अफसर के बेटी और चरवाहे की। जिसकी महक आज भी लातेहार के नेतरहाट की फिजाओं में समायी हुई है। यह एक ऐसी प्रेम कहानी थी, जिसमें प्रेम परवान तो चढ़ा लेकिन कहानी अधूरी रह गयी। कहानी का अंत दर्द भरा रहा। नेतरहाट का मैगनोलिया प्वाइंट इस कहानी को बखूबी बयां करता है। दरअसल यह बात उन दिनों की है जब भारत में अंग्रेजों का शासन हुआ करता था। नेतरहाट अंग्रेजों का प्रिय स्थलों में से एक था. यहां आकर अंग्रेज गवर्नर ड्डी रहते थे। एक अंग्रेज गवर्नर की बेटी मैगनोलिया भी




अपने पिता के साथ नेतरहाट में प्रवास करने आयी थी।

नेतरहाट के बटुआटोली का रहने वाला एक चरवाहा युवक बटुक नेतरहाट की वादियों में मवेशी चराने जाया करता था। अंग्रेज गवर्नर की बेटी रोज अपने घोड़े पर सवार होकर नेतरहाट की हसीन वादियों में भ्रमण करने निकल जाती थी। एक दिन नेतरहाट की वादियों में बांसुरी की मधुर धुन सुनाई दी। बांसुरी की धुन इतनी प्यारी थी कि मैगनोलिया उसकी ओर बढ़ती चली गयी। मैगनोलिया ने देखा कि एक चरवाहा बटुक जो अपने मवेशियों को चरा रहा था और पास में बैठकर बांसुरी ड्डी बजा रहा था। इसके बाद अक्सर मैगनोलिया बांसुरी की धुन को सुनने के लिए चरवाहे के पास जाने लगी और धीरे-धीरे दोनों में प्रेम बढ़ने लगा। दोनों में गहरा प्रेम हो गया और अक्सर मैगनोलिया घंटो बैठकर नेतरहाट की हसीन वादियों में चरवाहा बटुक की बांसुरी की मधुर धुन को सुनने लगी।

### गवर्नर ने चरवाहे मरवा डाला, बेटी ने भी दे दी जान

चरवाहे और मैगनोलिया के प्यार की बात जब अंग्रेज गवर्नर को पता चली तो वह आग बबूला हो गये। इसके बाद गवर्नर के सैनिकों ने चरवाहे को नेतरहाट की पहाड़ियों की सैकड़ों फीट गहरी खाई में फेंक दिया। उधर मैगनोलिया जब घोड़े पर सवार होकर चरवाहे को ढूंढने के लिए निकली, तो कुछ लोगों ने उसे बताया कि चरवाहे की हत्या कर इसी गहरी खाई में फेंक दिया गया। चरवाहे की हत्या की खबर सुन मैगनोलिया बुरी तरह टूट गयी। वह हत्या की खबर को बर्दाश्त न कर सकी और अपने घोड़े के साथ गहरी खाई में छलांग लगाकर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इस प्रकार एक सच्चे निस्वार्थ और अमर प्रेम का अंत हो गया। हालांकि चरवाहे और मैगनोलिया के शरीर का अंत तो हो गया, लेकिन मैगनोलिया ने अपने प्रेमी के वियोग में अपनी जान देकर अपने प्रेम को अमर कर दिया।

### इतिहास में दबा है दोनों की प्रेम कहानी

मैगनोलिया और चरवाहे बटुक की प्रेम कहानी आज ड्डी इतिहास के पन्नों में दबा हुआ है। नेतरहाट आने वाले लोग ही उनकी प्रेम कहानी के बारे में जान पाते हैं। अगर कहा जाए तो बटुक और मैगनोलिया की प्रेम कहानी किसी ड्डी सूरत में लैला-मजनू, सोनी-महिवाल, हीर-रांझा आदि की प्रेम कहानियों से कम नहीं है. इन दोनों की प्रेम कहानी यह साबित करती है कि प्रेम निस्वार्थ होता है, इसमें न किसी उम्र की सीमा होती है और न जन्म का बंधन होता है।

नेतरहाट किसी पहचान का मोहताज नहीं है। नेतरहाट बाजार से 9 किलोमीटर की दूरी पर बटुआ टोली में मैगनोलिया प्वाइंट स्थित है। यहां मैगनोलिया और चरवाहा की प्रतिमा ड्डी लगायी गयी है। वहीं शिलापट्ट में दोनों की प्रेम कहानी को ड्डी अंकित किया गया है। यह स्थान सनसेट प्वाइंट के रूप में ड्डी प्रचलित है। नेतरहाट के मैगनोलिया प्वाइंट आने वाले पर्यटक अमर प्रेम की खुशबू को बखूबी महसूस ड्डी करते है।

### धीरे-धीरे प्रसिद्ध प्रेम कहानी

--हालांकि वर्षों तक गुमनाम रहे मैगनोलिया और चरवाहे की प्रेम कहानी को अब धीरे-धीरे लोग जानने लगे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा ड्डी इस अमर प्रेम कहानी के प्रतीक स्थल को मैगनोलिया प्वाइंट का नाम दिया गया। इस स्थल पर घोड़े और प्रेमी जोड़े का स्टैच्यू ड्डी लगाया गया है, जो उनकी प्रेम और विरह की दास्तान को बयां करता है। अमर प्रेम और उसकी निशानी को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक प्रतिवर्ष यहां आते हैं।



## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



मुगलों के दांत खट्टे करने वाले महाराणा प्रताप सिसोदिया की यह शानदार प्रतिमा जमशेदपुर पुराना कोर्ट से आगे मरीन ड्राइव गोलचक्कर पर लगी हुई है। उनका जन्म 9 मई, 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। वे मेवाड़ के 13वें राजपूत राजा थे। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जयवंता बाई था। वे अपने पच्चीस भाइयों में सबसे बड़े थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। उन्होंने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

# आदिवासी परंपरा रूढ़िवादी व्यवस्था को कायम रखने के लिए पेसा कानून 1996 बहुत ही जरूरी : जेवी तुबीद

■ सलगाझुड़ी में आदिवासी महापंचायत सलगाझुड़ी में संपन्न, विभिन्न क्षेत्रों से हुआ प्रतिनिधित्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में आदिवासी महापंचायत का आयोजन आदिवासी कला -संस्कृति मैदान, सलगाझुड़ी (जमशेदपुर) किया गया, जिसमें पेसा कानून 1996 को आधार मानकर नियमावली बनाकर लागू करने हेतु एवं अन्य आदिवासी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के में पूर्व आई ए एस जे बी तुबिद, मुख्य अतिथि जबकि मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष रमेश हांसदा और महासचिव जयपाल मुर्मू मौजूद थे।

**इस अवसर पर निम्नलिखित प्रताव पारित किया गया –**

1, केंद्रीय कानून पेसा 1996 के आधार पर नियमावली बनाकर झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों में लागू किया जाए।

2 नया पेसा नियमावली बनाने के उपरांत आम लोगों के लिए सार्वजनिक किया जाए ।

3. टाटा लीजा नवीकरण से पहले आदिवासियों के हित में आदिवासी युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए शहर के अंदर आदिवासी बाजार की व्यवस्था किया जाए, और युवा आदिवासियों को दुकान आवंटन किया जाए, और टाटा स्टील द्वारा आदिवासी विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाए,



महापंचायत में भाग लेते पूर्व आइएएस एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबीद व अन्य वक्ता।

झारखंड सरकार के आने वाले विधानसभा सत्र के प्रथम दिन को जमशेदपुर डीसी मुख्यालय के समक्ष पेसा कानून लागू करने के लिए एकदिवसीय भूख हड़ताल किया जाएगा । जमशेदपुर प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष गुलशन टुडू को बनाया गया ।जल्द ही जमशेदपुर प्रखंड में धरना के माध्यम से पेसा कानून लागू करने की मांग की जाएगी । इस सभा को संबोधित करते हुए पूर्व आईएएस जेबी तुबिद ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर पेसा कानून को लागू नहीं करना चाहती है। पेसा कानून लागू होने से आदिवासियों का स्वशासन व्यवस्था मजबूत होगा ।जल जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार होगा।

4. इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष रमेश हांसदा ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी नौजवान एक बड़ी आंदोलन के लिए तैयार हो जाएं । यदि इस बार नौजवान चूक जाएंगे रोजगार का युवाओं को मौका नहीं मिलेगा , पेसा कानून का लागू होने से रोजगार के नए माध्यम शुरू होंगे। हम अपनी खोई हुई जमीन को वापस पा सकेंगे ।जयपाल मुर्मू ने कहा कि हमारी परंपरा और हमारी विरासत को जीवित रखने के लिए पेसा लगाना जरूरी है। राम सिंह मुंडा ने कहा कि पेसा कानून को लागू करने के लिए जन जागरण कार्यक्रम चलता रहेगा, रामसिंह मुंडा ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठान में आदिवासियों को लिए भी रोजगार की व्यवस्था की जानी चाहिए। आने वाले दिनों में धरना के माध्यम से अपनी बातों को रखेंगे। मौके पर प्रकाश शांडिल्य, शरद सरदार शरद सिंह सरदार, (पटमद भीमसेन भूमिज, (मुखिया) प्रभु राम मुंडा (मुखिया), रणजीत सिंह (मुखिया), चंदन सिंह आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### रेडक्रॉस और यूसील का संयुक्त नेत्र जांच आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार की उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ सीएसआर के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। 13 को बगुलासाई में होने वाले इस शिविर से बगलुसाई, मेचुआ, करमघुटु, बोनडीह के ग्रामीण लाभ उठा पायेंगे।

### टीबी मरीजों में 18 को रेडक्रॉस बांटेगा किट

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा टी.बी. मरीजों के लिए चलाये जा रहे प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के 31वें महीने का पोषण किट 18 फरवरी को रेड क्रॉस भवन से प्रदान किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम की शाखा ने इस अभियान की निरन्तरता को बनाये रखा है और लगातार इस अभियान के तहत टीबी मरीजों को एक माह के राशन के साथ विटामिन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य लाभ हेतु मदद कर रही है।

### भगीरथ की स्मृति में रक्तदान शिविर 16 को

**जमशेदपुर।** जाने माने समाजसेवी स्व. भगिरथ प्रसाद की स्मृति में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन कदमा, जी. पी. स्लोप स्थित क्लब हाउस में 16 फरवरी को किया जायेगा।

### गम्हरिया में याद किये गये संत रविदास

**गम्हरिया।** वनरक्षक समिति की ओर से गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर में श्रीश्री संत शिरोमनी रविदास जी महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने रविदास जी के चित्र के समक्ष केक काटकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। आयोजन में समिति के श्रवण कुमार, जितेंद्र दास, प्रदीप दास, अशोक दास, रामभजू सिंह, नागेंद्र सिंह, अच्छेलाल यादव, मनोज ठाकुर, अमन कुमार दास आदि सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा।

## दो दिनी राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न

# पारंपरिक नृत्य ,गीत संगीत ने बांधा समां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न हो गया। मेला के दूसरे व अंतिम दिन संस्कृति कार्यक्रमों के नाम रहा। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरूष कलाकारों गीत-संगीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। मेला समापन के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो, शॉल व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मेला आयोजन समिति के सदस्य भी सामाजिक सरोकार के तहत सम्मानित किये गये। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव





हृदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित सामाजिक सरोकार रखने वाले सैकड़ो लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मान प्रदान किये गये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य कर रहे वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इधर, दो दिवसीय मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया। साथ ही योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवं बुकलेट का वितरण किया गया, ताकि, इसके अध्ययन से लोग योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उससे लाभान्वित हो सकें।

## सांसद ने लोकसभा में जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से संबंधित मामला उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अनमैनेड रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिये जाने से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अनमैनेड रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये है। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेको प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर आरयूबी/ एलएचएस बनाने से जनता को कठिनाईयां से निजात मिल सकेगी। उन्होंने संसद में वैसे स्थान की जानकारी दी जहां एलएचएस निर्माण आवश्यक है उनमें डाली-हैदरनगर प्रखंड, पलामू जिला, सोनपुरवा-गढ़वा जिला, अहिरपुरवा-नगर उंटारी,



विष्णुदयाल राम, लोकसभा सांसद पलामू।

गढ़वा जिला, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखंड, पलामू जिला, बुढ़वापीपर-डालटनगंज, बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला, कुम्भी-मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला, लहरबंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला, बेगमपुरा-मोहम्मदगंज प्रखंड, पलामू जिला, सतबहिनी रेलवे स्टेशन एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेषन के बीच में खंभा संख्या 340/33 के समीप और गेट नं0-58 के पास, उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला का नाम शामिल है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

## एक नजर में

### पोटका : आदिवासी बहुल भूमिज गांवों में विददिरि झंडा दिवस की धूम

**पोटका/जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के 300 आदिवासी भूमिज बहुल गांव में आज विददिरि झंडा दिवस की धूम है व लोग धमसा बजाकर व संस्कृतिक नृत्य के जरिए अपनी खुशी का इजहार कर रहे है। मुख्य कार्यक्रम जादूगोड़ा से सटे सोहदा फुटबॉल मैदान में आयोजित की गयी। जहां गांव के नाया विकेश्वर सिंह, देवरी उदय भूमिज, सिदेश्वर सरदार , जयपाल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों को अगुवाई में भूमिज समाज की पहचान झंडा विददिरि का झंडोतोलन किया गया व उसकी पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण दिन के इतिहास वउसकी महता पर प्रकाश डाला। समारोह को संबोधित करते हुए सिदेश्वर सरदार ने कहा कि बीते 12 फरवरी 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति दिवस द्वारा पूरे देश के भूमिज समाज की पहचान हेतु विददिरि झंडा में मान्यता दी थी। जिसकी खुशी में हर साल पोटका के आदिवासी भूमिज समाज की ओर 12 फरवरी को विददिरि झंडा दिवस को अपनी पहचान के रूप में मनाते हैं व नाच-गाकर खुशी का इजहार करते है। इसके पूर्व साल पेड़ की पूजा अर्चना की गई व मरांग बुरू से समाज की सशक्तिकरण, समृद्धि ब की कामना की। इस मौके पर भव्य संस्कृति कार्यकताओं से पूरा पोटका झूम उठा।

### फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की बैठक दिल्ली में

**जमशेदपुर।** बुधवार को दिल्ली में आयोजित एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया वर्ल्ड न्यू ट्रेड सेंटर में सम्पन्न हुई। बैठक पीसीआई अध्यक्ष मोंटू पटेल की अध्यक्षता में हुई, जहां पर काउंसिल आफ इंडिया के सभी राज्य के सदस्य, अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य रूप से झारखंड (फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया) सदस्य धर्मेंद्र सिंह सम्मिलित हुए। धर्मेंद्र सिंह ने बैठक में झारखंड के फार्मासिस्टों के दिक्कतों , झारखंड राज्य में फार्मासिस्टों की बहाली, फर्जी सर्टिफिकेट पर अभिलंब रजिस्ट्रेशन पर अंकुश लगाने , प्राइवेट हॉस्पिटल में फार्मासिस्टों की वेतन दर मांग वृद्धि पर चर्चा की जबकि बैठक में काउंसिल को किस तरह मजबूत पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रेस प्रवक्ता श्री मनी मोहंती, महासचिव दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक नंदी, अंजन सरकार, शशि, विकास राय, रजनी ठाकुर, जितेंद्र कुमार ने इस महत्वपूर्ण बैठक की सराहना की है।

### 600 मुखिया का प्रबंधन विकास आवासीय प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** पंचायत राज निदेशालय झारखंड राज्य द्वारा रिवैम्प्ड आरजीएसए योजना के तहत 600 मुखियागण को मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गत 11 फरवरी 2025 को पहले दो बैच के 55 मुखियागण ने भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया में 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में नेतृत्व और टीम वर्क, वित्तीय प्रबंधन, बातचीत, व्यवहार विज्ञान, संचार, परियोजना प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन और ग्राम विकास योजना जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 फरवरी से 21 मार्च 2025 तक बैचवार आयोजित किया जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिला से 6 मुखिया कान्हु मुर्मू, कान्हु राम बेसरा, सुमन सिरका, जोबा मार्डी, बसंती गुप्ता, निताई मुंडा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।


### हादसा स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को में मंगलवार की देर रात हुई एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल पुत्र का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। घटना का पता चलने पर स्थानीय लोगों ने जेम्को चौक जाम कर दिया और उचित मुआवजे की मांग पर सड़क जाम कर दिया। बताया जाता है कि इनकी स्कूटी को जेम्को चौक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे पिता-पुत्री की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस कर्मियों ने तीनों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## इमरान वकील ने जेईई मेन में हासिल किया 99.80 पर्सेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आज जेईई मेन 2025 सेशन 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 12वीं और नारायणा कोचिंग सेंटर साकची के छात्र इमरान वकील ने 99.80 पर्सेंटाइल लाकर अपने स्कूल और संस्थान का नाम रोशन किया है। वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इमरान वकील बचपन से ही हमारे स्कूल का छात्र रहा है। हमने हमेशा उसके समर्पण और अपने लक्ष्य के प्रति ध्यान को देखा है। आज, जेएसएसपी को जेईई मेन में उसके प्रदर्शन पर गर्व है। इमरान की शानदार सफलता के लिए मेरी बधाई और जेईई एडवांस्ड के लिए मेरी शुभकामनाएं। इमरान वकील के पिता मो. वकीलुद्दीन मीडिया जगत से जुड़े हुए हैं उनकी मां गृहणी हैं। इमरान वकील ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता व बहन, स्कूल की प्रिंसिपल, सभी शिक्षकों एवं नारायणा कोचिंग सेंटर के सभी फैकल्टी मेंबर को दिया हैं। अपनी तैयारी के बारे में इमरान ने कहा कि रेगुलर क्लास और रणनीति के साथ प्रतिदिन 8 से 10 घंटे प्रैक्टिस किया।



## जेईई मेन-2025 (जनवरी) में नारायणा के विद्यार्थियों का धमाकेदार परसेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2025 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2025 के रिजल्ट जिसमें नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से 100 परसेन्टाइल लाने वाले छात्रों की संख्या 5 है जिनका नाम (1) वाणी ब्रत माजी, (2) आयुश सिंघल,



(3) विषाद जैन, (4) कुशाग्र गुप्ता, (5) शिवेन विकास तोसनीवाल तथा है।

श्री श्याम भुषण ने बताया कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है।

**ये हैं मेधावी :** उज्ज्वल आदित्य (99.9800783), ध्रुव एच. बदोदरिया (99.8748924), अश्विनी कुमार (99.8452369), इमरान वकील (99.8055941), आदित्य प्रभात (99.7889506), मयंक गुप्ता (99.6925846), दिव्यांशु समल (99.3031387) जयन्त (98.9390994), गुरूवंश सिंह (98.9390994), प्रियांशु सिंह (98.9055469), आदित्य कुमार (98.8892879), अनुभव सेन (98.7911580), उत्कर्ष कुमार (98.5696299)।

## अंधविश्वास व पाखंड के घोर विरोधी थे संत रविदास : डॉ सत्यदेव राम

■ रविदास भवन,शास्त्रीनगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती रविदास भवन शास्त्री नगर कदमा में मनाई गई। आम सभा की अध्यक्षता सरयू रविदास और कार्यक्रम का संचालन विश्राम राम के द्वारा किया गया। गुरु जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भारत



के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

माननीय भागीरथ दास के उद्घाटन भाषण से आम सभा शुरू हुई। रविदास जी के आडियो भजन से माहौल भक्तिमय हो गया।मुख्य अतिथि डा सत्यदेव राम ने कहा कि समाज के विकास को जाति समस्या रोके हुए है। हमारे हर कष्ट का कारण यही है जो हमें एक होने में बाधक है। हमारे विखराव के चलते हमारा सामाजिक अपमान होता है साथ ही हम आर्थिक, राजनैतिक स्तर पर भी पिछड़े हुए हैं। हर हाल में 6743 जातियों में बंटे हुए लोगों को शूद्र कहना और समझना चाहिए। जब आप शूद्र स्वीकार करेंगे तब मूलनिवासी कहलाएंगे। समय के अनुसार बदलाव जरूरी है।

## बाबू दास पर हुए फायरिंग में दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** बीते सात फरवरी की रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सापड़ा स्थित देशी ढाबा के समीप बाबू दास पर फायरिंग मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बावत एक प्रेस वार्ता कर जिले के आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि उंक्त कांड के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उंक्त कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## जेजेएमपी उग्रवादी अर्जुन सिंह गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य अर्जुन सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया गया कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य अर्जुन सिंह, पिता योगेंद्र सिंह, ग्राम बरियातु, थाना मनिका, जिला लातेहार निवासी के द्वारा मनिका थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में ठेकेदारों से लेवी वसूलने की गुप्त सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। इसी दौरान दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के क्रियावादी अर्जुन सिंह को मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम सनगड़वा के आसपास घूमते हुए देखा गया है और किसी घटना को कारित करने के फिराक में है। वहीं प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद ग्राम सनगड़वा में गुप्त तरीके से रेकी कर छापामारी किया गया,जिसमें अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अर्जुन सिंह के खिलाफ मनिका थाना में पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही उसके पास से एक 7.56 एमएम ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, बरामद किया गया है। वहीं इस छापामारी दल में थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार,स.अ.नि. रणधीर कुमार सिंह, अरुण लकड़ा, अनुरंजन टोप्पणो पप्पु कुमार यादव, शामिल थे।

## शिक्षक सचरित्र रहेंगे तो छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा : बी. चंद्रशेखर

■ मिस्टर डीबीएमएस परविंदर और मिस डीबीएमएस मणिमाला महतो घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को डी बी एम एस कॉलेज के 2020 24 बैच के छात्रों को विदाई दी गई. इस अवसर पर 2023 -25 बैच के छात्रों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रत्येक छात्र को पीपीटी के साथ उसकी विशेषता बताते हुए मंच पर आमंत्रित व किया गया।

DBMS कॉलेज के अध्यक्ष श्री



बी चंद्रशेखर ने छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने समय के साथ अपने चरित्र निर्माण करने की सलाह दी ताकि भविष्य की पीढ़ी उन्हें अपना आदर्श माने।

प्राचार्या डॉक्टर जूही समर्पिता ने छात्रों को हमेशा कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे जिन राहों से गुजरे अपने कदमों के निशान छोड़ते हुए चलें। श्रीप्रिया धर्मराजन सचिव डीबीएमएस ने मिस्टर डीबीएमएस का खिताब परविंदर को और मिस डीबीएमएस का खिताब मणि माला महतो को दिया।

श्रेष्ठ परिधान के लिए लक्ष्मीकांत शर्मा और सृष्टि सलोनी को सुधा दिलीप संयुक्त सचिव ने दिया। साथ ही निस्तला शैलजा को टॉप नॉच तथा दीक्षा को सबकी दुलारी के विशिष्ट खिताब दिए गए।

**छात्रों ने रूंधे गले से एक दूसरे को अलविदा कहा**

उन्होंने 2 साल कॉलेज में बिताए गए अनमोल पलों को जीवन के स्वर्णिम व श्रेष्ठ दिन बताया । इस कॉलेज में उन्होंने न सिर्फ पढ़ाई की बल्कि सर्वांगीण विकास भी किया। अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचाना और उसे बाहर लाने के अवसर का सदुपयोग किया। छात्रों ने डीबीएमएस कॉलेज के सभी शिक्षकों का दिल से आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर सभी शिक्षक गण के साथ ऑफिस स्टाफ और सभी कर्मचारी गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तृतीय सत्र के नीतीश और पूजा ने किया. धन्यवाद ज्ञापन निपुण ने दिया। प्रियंका, अंकुर, पम्मी नेहा, शिवांगी, सुमेधा, प्रभा, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



## शुभमन का शतक के बाद गेंदबाजों ने बरपाया कहर, भारत ने इंग्लैंड को 142 रनों से हराया, दर्ज की दूसरी सबसे बड़ी जीत

# भारत ने किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड चारों खाने चित






एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शुभमन गिल की शतकीय और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 10 विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 10 विकेट खोकर सिर्फ 214 रन बना सकी।

### भारत की इंग्लैंड पर दूसरी सबसे बड़ी जीत

भारत की यह इंग्लैंड पर दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2008 में इंग्लैंड को राजकोट में 158 रन से हराया था। रोहित शर्मा की टीम ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ कर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपना दम दिखा दिया है। 19 फरवरी से टूर्नामेंट का आगाज होगा जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी से करेगी।

■ शुभमन गिल प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहें।

## ताश के पत्तों की तरह बिखरी इंग्लैंड की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी हुई। फिल सॉल्ट और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई जिसे अर्शदीप सिंह ने तोड़ा। उन्होंने डकेट को सातवें ओवर में अपना शिकार बनाया। वह 22 गेंदों में 34 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इसके बाद तेज गेंदबाज ने नौवें ओवर में सॉल्ट को आउट किया। वह 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा टॉम बैंटन और जो रूट ने संभाला। दोनों के बीच 46 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, यह साझेदारी ज्यादा बड़ी नहीं हो सकी और कुलदीप यादव ने बैंटन को अपना शिकार बनाकर इसे तोड़ दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज इस मैच में 38 रन बनाकर आउट हुए। इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए रूट 24, ब्रूक 19, बटलर छह, लिविंगस्टोन नौ, आदिल रशीद शून्य, वुड नौ, एटकिंसन 38 और साकिब ने दो रन* बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या ने दो-दो विकेट चटकाए।

### रोहित शर्मा एक रन बनाकर आउट हुए

पिछले मैच में शतक लगाने वाले कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में सस्ते में आउट हुए, लेकिन गिल और कोहली ने पहले भारत को संभाला, फिर शुभमन ने श्रेयस के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। शुभमन और श्रेयस जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो लग रहा था कि टीम 400 रन के स्कोर तक पहुंचने में सफल रहेगी, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इंग्लैंड कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहा।

### अर्धशतक से चूके राहुल

पांचवें नंबर पर उतरे राहुल ने भी इस मैच में दम दिखाया, लेकिन वह अर्धशतक लगाने से चूक गए। निचले क्रम के बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे सके, पर भारतीय टीम 350 का आंकड़ा पार करने में सफल रही। इंग्लैंड के लिए राशिद के अलावा मार्क वुड ने दो विकेट लिए, जबकि साकिब महमूद, गस एटकिंसन और जो रूट को एक-एक विकेट मिला।



### गिल ने शतक, विराट व अय्यर ने अर्धशतक जड़ा

भारत ने अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में शुभमन गिल के शतक और विराट कोहली तथा श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से वनडे में दूसरा सर्वाधिक स्कोर बनाया। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट स्पिनर आदिल राशिद ने लिए। भारत की ओर से गिल ने 102 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जबकि श्रेयस ने 78 रन और कोहली ने 52 रनों की पारी खेली। पांचवें नंबर पर उतरे केएल राहुल 40 रन बनाकर आउट हुए।



### भारत 356/10 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै. साल्ट बो. वुड | 01 | 02 | 00 | 00 |
| शुभमन गिल बो. रशीद | 112 | 102 | 14 | 03 |
| कोहली कै. साल्ट बो. रशीद | 52 | 55 | 07 | 01 |
| अय्यर कै. साल्ट बो. रशीद | 78 | 64 | 08 | 02 |
| राहुल एलबीडब्ल्यू महमूद | 40 | 29 | 03 | 01 |
| हार्दिक पंड्या बो. रशीद | 17 | 09 | 00 | 02 |
| अक्षर कै. बैंटन बो. रूट | 13 | 12 | 02 | 00 |
| सुंदर कै. ब्रूक बो. वुड | 14 | 14 | 01 | 00 |
| राणा कै. बटलर बो. एटकिंसन | 13 | 10 | 01 | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 00 | 00 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :13

**विकेट पतन** : 6-1, 122-2, 226-3, 259-4, 289-5, 307-6, 333-7, 353-8, 353-9, 356-10.

**गेंदबाज** :साकिब महमूद : 10-0-68-1, मार्क वुड : 9-1-45-2, गस एटकिंसन : 8-0-74-1, जो रूट : 5-0-47-1, आदिल रशीद : 10-0-64-4, लियाम लिविंगस्टन : 8-0-57-0.

### इंग्लैंड 214/10 (34.2 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. अक्षर बो. अर्शदीप | 23 | 21 | 04 | 00 |
| डकेट कै. रोहित बो. अर्शदीप | 34 | 22 | 08 | 00 |
| बैंटन कै. राहुल बो. कुलदीप | 38 | 41 | 04 | 02 |
| जो रूट बोल्ड अक्षर पटेल | 24 | 29 | 02 | 00 |
| हैरी ब्रूक बोल्ड हर्षित राणा | 19 | 26 | 01 | 01 |
| बटलर बोल्ड हर्षित राणा | 06 | 09 | 00 | 00 |
| लिविंगस्टन स्टंप राहुल बो. सुंदर | 09 | 23 | 01 | 00 |
| एटकिंसन बोल्ड अक्षर पटेल | 38 | 19 | 06 | 01 |
| आदिल रशीद बो. हार्दिक | 00 | 05 | 00 | 00 |
| वुड कै. अय्यर बो. हार्दिक | 09 | 07 | 02 | 00 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 04 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 12

**विकेट पतन** : 60-1, 80-2, 126-3, 134-4, 154-5, 161-6, 174-7, 175-8, 193-9, 214-10.

**गेंदबाज** : अर्शदीप सिंह : 5-0-33-2, हर्षित राणा : 5-1-31-2, वॉशिंगटन सुंदर : 5-0-43-1, अक्षर पटेल : 6.2-1-22-2, हार्दिक पंड्या : 5-0-38-2, कुलदीप यादव : 8-0-38-1.

## विराट कोहली ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

3 नंबर पर बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शानदार अर्धशतक ठोककर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का एक और बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट इंग्लैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में 4000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। विराट ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर यह कीर्तिमान अपने नाम किया है। इंग्लैंड के खिलाफ तेंदुलकर ने कुल 3990 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने शानदार अर्धशतक बनाकर अब उन्हें पीछे छोड़ दिया है। भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में अपनी खोई हुई फॉर्म को पा लिया है। वह शानदार टच में नजर आए और मैदान के चारों और शॉट्स मारे। विराट ने अपना 73वां अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 55 गेंद में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 52 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

## गिल ने रचा इतिहास, शतक जड़कर बने दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज

अपना 50वां वनडे मैच खेल भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने जलवा बिखेरा और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शानदार शतक ठोक दिया। अपने फेवरेट स्टेडियम में गिल शुरूआत से ही शानदार फॉर्म में नजर आए और कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किये। इस शतक के साथ ही शुभमन गिल ने एक और खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह 50वें वनडे मैच में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले कोई भी भारतीय बल्लेबाज यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाया है।

### शुभमन गिल ने जड़ा 7वां वनडे शतक

भारत के दाएं हाथ के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने मैच में अपना 7वां वनडे शतक जड़ा। गिल ने 95 गेंद में 14 चौकों और 2 गगनचुंबी छक्कों की मदद से अपना 7वां शतक पूरा किया।

**सबसे तेज 2500 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी बने** : इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में अपनी शानदार शतकीय पारी के दौरान शुभमन गिल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। गिल वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 2500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। शुभमन गिल ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। अमला के नाम 51वीं पारी में सबसे तेज 2500 रन बनाने का रिकॉर्ड था। लेकिन, गिल ने बुधवार को अपनी 50वीं वनडे पारी में ही यह मुकाम हासिल कर लिया। इसके साथ ही हाशिम अमला को पीछे छोड़कर शुभमन गिल सबसे तेज 2500 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी बने गये।

### गजांफर अफगानिस्तान टीम से बाहर

**काबुल।** अफगानिस्तान के आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की। बोर्ड ने लिखा अफगानिस्तान की युवा स्पिन गेंदबाजी सनसनी, एएम गजनफर कमर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर के कारण आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें अफगानिस्तान के हाल ही में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी।

### बांग्लादेश की महिला क्रिकेटर मैच फिक्सिंग की दोषी पाई गई

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की शोहेली अख्तर मंगलवार को आइसीसी द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों में प्रतिबंधित होने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। उन्हें 2023 टी20 विश्व कप के दौरान मैच फिक्स करने का प्रयास करने का दोषी पाया गया। 36 वर्षीय शोहेली पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया। ऑफ स्पिन गेंदबाज शोहेली ने बांग्लादेश के लिए दो वनडे और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेले हैं। आइसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के पांच प्रावधानों का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की।

## भाला फेंक में सचिन, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल को स्वर्ण पदक

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता।यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के कॅरिअर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

### राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने स्वर्ण पदक को बरकरार रखा

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

### बेरवाल ने जीता स्वर्ण

बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है। उन्होंने शनिवार को पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा भी 28 मिनट 49.93 सेकंड के राष्ट्रीय खेलो के रिकॉर्ड समय के साथ जीती थी।

## असलंका और तीक्षणा की बदौलत श्रीलंका जीता

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को कोलंबो के आर प्रमेदासा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में 49 रनों से हरा दिया है। इस मैच में श्रीलंका जब मुश्किल वक्त में थी, तब उनके कप्तान चरिथ असलांका ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। उनके शतक की बदौलत श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवर में 214 रन बनाए. आस्ट्रेलिया श्रीलंका के मिले 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 33.5 ओवर में 165 रनों पर ढेर हो गई और 49 रनों से मैच हार गई।

### असलांका ने जड़ा शानदार शतक

इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन श्रीलंका का यह फैसला उनके लिए गलत साबित हुआ। टीम ने एक समय पर 55 रनों के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। पथुम निसांका (4), अविष्का फर्नांडो (4), कुसल मेंडिस (19), कामिंडु मेंडिस(5), जेनिथ लियानगे (11) रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए.इसके बाद कप्तान चरिथ असलांका ने शतक लगाया। उन्होंने 126 बॉल में 14 चौके और 5 छक्कों की मदद से 127 रनों की पारी खेली। यह उनके करियर का चौथा शतक था। उनके अलावा डुनिथ वेललेज ने 34 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 30 रन बनाए, वह टीम के दूसरे लीडिंग रन स्कोरर थे। आस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट ने सबसे ज्यादा 3 और आरोन हार्डी, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन ने 2-2 विकेट हासिल किये।



### आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने किया निराशा

आस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरूआत करने के लिए मैथ्यू शॉर्ट और जेक फ्रेजर-मैकगर्क क्रीज पर आये। श्रीलंका से जीत के लिए मिले 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करना आस्ट्रेलिया के लिए बुरे सपने की तरह रहा, कंगारुओं ने ने 7 रन के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाज को गंवा दिया। शॉर्ट 0 और मैकगर्क 2 पर पवेलियन लौट गए। कूपर कोनोली 3, कप्तान स्टीव स्थिम 12, मार्नस लाबुशेन 15 रन बनाकर आउट हो गये। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बैटर एलेक्स कैरी ने बनाये। उन्होंने 38 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 41 रन बनाये। इनके अलावा आरोन हार्डी ने 32, सीन एबॉट ने 20, नाथन एलिस ने 0, एडम जम्पा ने 20 और स्पेंसर जॉनसन 0 रन बनाए। श्रीलंका के लिए महीश थीक्षाना ने 4, असिथा फर्नांडो और डुनिथ वेललेज ने 2-2 विकेट चटकाए। वानिंदु हसरंगा औरक चरिथ असलांका को भी 1-1 विकेट मिला। इससे पहले श्रीलंका ने 2022 में आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की सीरीज में 3-2 से हराया था। यह भी घरेलू सीरीज थी।

### केरल पहली रणजी के सेमीफाइनल में


सलमान निजार।

**पुणे।** सलमान निजार (44 नाबाद) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (67 नाबाद) की संयम और सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत केरल ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के साथ ड्रा मुकाबले में पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्राफी के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में 280 रन बनाये थे जिसके जवाब केरल की पहली पारी 281 रन पर सिमट गयी थी।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025: स्टार्क ने नाम वापस लिया, स्मिथ करेंगे आस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को आइसीसी टूनार्मेंट के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की, जिसके बाद मिशेल स्टार्क ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया है। इसका मतलब है कि स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगी। सीए की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, स्टार्क, जो अपने फैसले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे और उन्होंने गोपनीयता की मांग की है, पिछले सप्ताह गॉल में श्रीलंका की दूसरी पारी के दौरान सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी करते हुए बाएं टखने की समस्या से परेशान दिखे।

### पाकिस्तान ने हासिल किया 353 रन का लक्ष्य

**कराची।** कराची के नेशनल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 353 रन का लक्ष्य हासिल कर ट्राई सीरीज के फाइनल में जगह बना ली है जहां उनका मुकाबला अब न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए बावुमा के 82, ब्रीटजके के 83 तो क्लासेन के 87 रनों की बदौलत 352 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान ने 91 रन पर तीन विकेट गंवा लिए थे लेकिन इसके बाद मोहम्मद रिजवान और सलमाल आगा ने 260 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत के पास पहुंचा दिया। रिजवान ने 122 तो सलमान ने 134 रन बनाए और टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी।

## इंग्लैंड की हॉकी टीम एफआइएच प्रो लीग मैचों के लिए भारत पहुंची

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत में होने वाले मैचों के लिए बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंची। इंग्लैंड की टीम भुवनेश्वर में अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने अब तक एफआइएच हॉकी प्रो लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने चार मैचों में 11 अंक अर्जित किए हैं, जिसमें तीन जीत और एक ड्रॉ है। भुवनेश्वर पहुंचने पर इंग्लैंड टीम के कप्तान टिम नर्स ने कहा कि मैं पहली बार भारत में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे साथियों ने यहां 2023 विश्व कप के अपने अविश्वसनीय अनुभव साझा किए हैं और मैं खुद उस माहौल का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं। उम्मीद है कि जब हम भारत से भिड़ेंगे तो स्टेडियम खचाखच भरा होगा। हम यहां जीतने के लिए आए हैं और इस चरण के सभी चार मैचों में जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत का घरेलू मैदान पर सामना करना एक कठिन चुनौती होगी। पिछले कुछ वर्षों में हमने उनके साथ कुछ कड़ी लड़ाइयां लड़ी हैं और मुझे इस बार और भी करीबी मुकाबलों की उम्मीद है। इंग्लैंड के अंतरिम हेड कोच जैक जोन्स ने भुवनेश्वर पहुंचने पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मुझे 2022 प्रो लीग और 2023 विश्व कप के लिए यहां आने का सौभाग्य मिला। यहां का माहौल अविश्वसनीय है, भीड़ शानदार है और मैं अनूठी संस्कृति का आनंद लेता हूं। आतिथ्य हमेशा शीर्ष स्तर का होता है। हालांकि हमें गर्मी के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता होगी। सौभाग्य से, हमारे कई खिलाड़ियों ने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में खेलने में काफी समय बिताया है, इसलिए वे पहले से ही इन परिस्थितियों से परिचित हैं। भारतीय हॉकी टीम का सामना करने के बारे में जोन्स ने कहा कि हम इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। पिछले 2-3 सालों में दोनों टीमों के बीच कुछ बेहतरीन मैच हुए हैं। हम उनका सामना करने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि हम अपने गेम प्लान को अंजाम देंगे और शीर्ष पर आएंगे।



## भारत ने मकाऊ पर दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन टीम ने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रुप डी के अपने शुरूआती मैच में मकाऊ को 5-0 से हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। भारत ने दुबई में खेले गए इस टूनार्मेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा। मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।



# बेरमो : रविदास आश्रम में धूमधाम से मनाया गया 648वां संत रविदास जयंती

**निकाली गई शोभायात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम द्वारा 648वीं संत रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार रवि, सचिव हरेन्द्र रविदास, कोषाध्यक्ष धनंजय रविदास और उप कोषाध्यक्ष बैजू रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो एसडीएम मुकेश मछुवा और विशिष्ट अतिथि पेटरवार सीओ अशोक राम शामिल हुए। एसडीएम मुकेश मछुवा ने अपने संबोधन में कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' संत रविदास का यह संदेश समाज के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संत रविदास किसी एक जाति या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए हैं। सीओ अशोक राम ने कहा कि संत रविदास का संदेश हर समय प्रासंगिक रहा है और संविधान ने सभी जातियों और समाज को समान अधिकार दिए हैं।

**इन गणमान्य लोगों ने किया संबोधितः** जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, मदन रविदास, गंदौरी राम और बद्री पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही, जिप सदस्य प्रतिनिधि नारायण प्रजापति, पूर्व थाना प्रभारी यमुना चौधरी, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुदामा तिवारी, प्रो. महावीर यादव और दांतु पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर नायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो धनंजय रविदास ने किया, जबकि कृष्णा रविदास, रामानंद, प्यारेलाल, गणपत, गजाधर, उमेश और अमरजीत ने इसे सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# जेईई मेन-1 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने लहराया कामयाबी का परचम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जेईई मेन में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कामयाबी का परचम लहराया है। जेईई मेन के प्रथम सत्र में विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। आरुष बनर्जी ने सर्वाधिक 99.76 परसेंटाइल अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रिंस कुमार पांडेय 99.65 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा उज्ज्वल सिंह 99.20 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है उनमें आरुष बनर्जी प्रिंस कुमार पांडेय उज्ज्वल सिंह अपूर्व झा अक्षित आकर्ष दुबे रितेश कुमार महतो ख्याति सिन्हा अभिनीत शरण अभिनव कश्यप नितिन कुमार सिंह आदित्य शर्मा आशीष कुमार अर्पित कुमार सिंह रिषिमा तिवारी अनुप झा कनिष्ठ शर्मा एवं शिवम कुमार अधृत सिंह मयंक राज सिद्धांत शर्मा बंदिता महता मनीष कुमार मृत्युंजय कुमार शिवम सुदर्शन आरोही अनंत दुबे पलक्ष उत्कर्ष सहित 50 से अधिक ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं। ज्ञातव्य है कि एनटीए जेईई मेन का दो सत्रों में आयोजन कर रही है। परीक्षा का पहला सत्र 22 जनवरी से 31 जनवरी के बीच हुआ था जबकि दूसरा सत्र आगामी 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में आयोजित किया जाएगा। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ एएस गंगवार ने इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता गरिमा में चार चांद लगाया है।

## एक नजर में

### जेइइ मेंस में चिन्मय विद्यालय बोकारो का अतिन गौरव बना स्कूल-टॉपर



बोकारो। जेईई मेंस के पहले फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का छात्र अतिन गौरव 99.35 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर आया हैं जबकि अश्विन 99.33 एवं रजनीश 98.99 परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे है। अतिन गौरव अश्विन कुमार आर्यन नारायण राय वेद कुमार अभ्यास मल्लिक आदित्य राज मीनाक्षी कुमारी शिवम रंजन हर्ष लक्षीरामका रजनीश कुमार शरण्या रंजन इशान गोप भव्या विक्रम सत्यम सोनी एकांश महावार श्रेयांश मिश्रा अदित्या आकर्श देव रिशी प्रसाद आदर्श राय अभिषेक प्रेम कुमार रोहित राज प्रिंस रॉय एकता आकृति अंकित कुमार शुभम कुमार रितु राज अमृत कुमार सहित 42 से अधिक बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के वरीय शिक्षको के मार्गदर्शन एवं बच्चे के कड़ी मेहनत के कारण यह शानदार सफलता मिली है। उन्होंने सभी सफल छात्रों उनके अभिभावको एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई दी है। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी एवं उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं वरीय शिक्षक अजय कुमार सिंह देवज्योती बराल एएन उपाध्याय प्रफुल्ल कुमार सिंह कुमोद रंजन सिंह अशोक चौबे राज कुमार चंदन कुमार सिंह एवं आदि ने सभी सफल छात्रों को बधाई दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोकारो : बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों हेतु एक नये सफर कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी मेडिकल ऑफिसर और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग से दिवाकर शरण कनीय प्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में बताया। बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी अजय कुमार तथा उनकी टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। फिजा परवीन ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

### बेरमो : जगराता का आयोजन, जमकर झूमें लोग



बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह स्थित एक निजी चैनल के पत्रकार अनिल बरनवाल के आवास में बीते 10 फरवरी की रात्रि धूमधाम से जगराता का आयोजन किया गया। जगराता में उपस्थित कलाकारों द्वारा विभिन्न देवी-देवता का प्रतिरूप में कला का प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त जगराता में नावाडीह प्रखंड के हरलाडीह से आए कलाकार संतोष गिरी की पूरी टीम द्वारा सर्वप्रथम विधिपूर्वक पूजा अर्चना किया गया, जिसमें पुजारी कपिल देव पंडित ने पूजा संपन्न कराया। इसके बाद रात्रि में संतोष गिरी व अन्य कलाकारों द्वारा जागरण धूमधाम से प्रस्तुत किया गया। यह जागरण कार्यक्रम पत्रकार बर्नवाल अपनी पुत्री की विवाह के शुभ अवसर के पश्चात आयोजित किया था। वर्णवाल की एकमात्र पुत्री दिव्या कुमारी उर्फ सीमा और दामाद अशीष बरनवाल ने पूजा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। बता दूं कि पत्रकार अनिल बर्नवाल की पुत्री का विवाह बीते 7 फरवरी को गिरिडीह जिला के इसरी बाजार स्थित वर्णवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया था।इसे लेकर बीते 10 फरवरी को जारंगडीह स्थित उनके आवास पर जागरण का आयोजन किया गया था। इस जागरण में संतोष गिरी की पूरी टीम ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जिसमें उपस्थित सभी महिला, पुरुष, युवक व युवतियों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### संत रविदास की जयंती पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में चिकत्सकीय जांच कैंप का आयोजन

बेरमो। शिरोमणि संत रविदास की जयंती पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढ़ोरी में चिकत्सकीय जांच कैंप का आयोजन किया गया। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र द्वारा विद्यालय की कक्षा अष्टम एवं नवम की कुल 60 बहनों का चिकत्सकीय जांच परीक्षण एवं दवा दी गई। जिसमें डॉ शैल्या, सीनियर फार्मासिस्ट अजय कुमार झा, सहयोगी प्रीति कुमारी, अमृता कुमारी एवं रीता कुमारी के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रदीप कुमार महतो, कुमार गौरव, प्रीति प्रेरणा सिंह, देवाशीष ओझा, संजू ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे। मध्यांतर के बाद विद्यालय में संत रविदास की जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्जन के बाद कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ की गई। इस मौके पर भैया बहनों के द्वारा संत रविदास के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के आचार्य नित्यानंद मिश्रा ने संत रविदास के जीवनवृत्त से सारगर्भित बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन बहन वीणा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन दीदी विभा सिंह के द्वारा किया गया।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती की शुभ अवसर पर विद्यालय ने निकाला प्रभात फेरी

बेरमो। बुधवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के प्रांगण में संत शिरोमणि संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के द्वारा फुसरो नगर में स्थित शारदा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को संत रविदास जी के त्याग और महान व्यक्तित्व से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, सचिव अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पांडे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय में संयुक्त रूप से जयंती मनाने के बाद शारदा कॉलोनी में संत रविदास जी अमर रहे के उदघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का समापन शारदा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में किया गया। प्रधानाचार्य एवं सभी अभिभावकों के द्वारा संयुक्त रूप से संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन,दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के आचार्य साधन चंद्रधर, भगवती नोनिया ने भी अपने विचार रखें। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा की संत शिरोमणि संत रविदास जी के आदर्शों पर चलकर हम अगर आगे बढ़े, तो जीवन के हर लक्ष्य को पा सकते हैं। लगभग 200 की संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी की उपस्थित थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी एवं कर्मचारी बंधु भगिनी का योगदान रहा।

### खेतको मुखिया मुहल्ला मे शिरते मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व जशने रेदाए केरात का आयोजन

बेरमो। पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको मुखिया मुहल्ला में बीते रात्रि सिरते मुस्तफा कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आठ बच्चियों का दस्तार बंदी किया गया। इस आयोजन की सरपरस्ती खेतको पंचायत के मुखिया अनवरी खातून, प्रधानध्यापक मौलाना आदिल फनकार, शिक्षक कारी दीनमोहम्मद,सदरे मौलिमा रुबीना फातिमा, शिक्षक कहकसा जमील, सहनाज खातून, समीना प्रवीण आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थी। इन बच्चियों ने दस्तार ली- इस भव्य कार्यक्रम में इन बच्चियों ने दस्तार ली जिसमे शम्मा प्रवीण पिता नाइमुद्दीन अंसारी वार्ड सदस्य मां हसीना खातून। शहर बानो, पिता अकबर अंसारी निवासी इसरी। सबीना खातून, पिता अब्दुल रहीम खेतको। संजीदा प्रविन पिता मोहम्मद मुस्लिम अंसारी कंजकिरो, रूबी प्रवीण सहबुद्दीन अंसारी अंगवाली। साईमा अंजुम, पिता अबुल कलाम खेतको। सोहानी परवींन पिता क्यामुद्दीन अंसारी लोधी।

## पेज एक का शेष

### 17 छात्रओं ने पास की जेइइ मेन परीक्षा

सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 247 डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी करवायी गयी थी। इस अभिनव पहल से न केवल जेइइ मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा। खूंटी जिला प्रशासन इस सफलता को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखता है और भविष्य में भी इसी प्रकार छात्राओं को सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली

बोकारो। स्थानीय सेक्टर चार में निवासी एवं अंगरक्षक की ड्यूटी करनेवाले चंदन कुमार शांडिल्य नामक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार अपनी इहलीला समाप्त कर ली। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। परंतु आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है, संशय की स्थिति बनी हुई है कि क्या सचमुच में यह आत्महत्या ही है? पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट होने की बात कही। पुलिसकर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है।

### बेरमो : वृद्ध की ट्रेन से कट कर हुई मौत

बेरमो। दुग्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़ीडीह पुराना रेलवे क्रॉसिंग पर। एक 60 वर्षीय वृद्ध की रेलवे लाइन में कटकर हुई मौत। मृतक बुढ़ीडीह गोप टोला निवासी असाड़ी गोप था। आरपीएफ के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग चार बजे मृतक असाड़ी गोप रेलवे लाइन पार करते वक्त मालगाड़ी के इंजन के चपेट में आने से यह दुर्घटना घटी होगी। दुग्दा पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही एएसआई मो बसीर अंसारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मदेव हेम्बरम ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसके घर में कोई नहीं है।

### दिसोम बाहा बोंगा को लेकर दिसोम जाहेर थान में हुआ साफ-सफाई

दुमका। दिसोम मांझी बाबा बेनीलाल टुडू के नेतृत्व में आगामी बाहा बोंगा की तैयारी को लेकर दिसोम जाहेर थान में स्वच्छता अभियान चलाया। इस साफ-सफाई कार्य में युवाओं के बुजुर्गों ने भी में शामिल होकर निःस्वार्थ भाव से योगदान दिया। सफाई के बाद बैठक हुई। जिसमें आगामी बाहा बोंगा की तैयारी संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बार की बाहा बोंगा धूमधाम के साथ मनाने की निर्णय लिया गया। जिसमें से बाहा बोंगा में मुख्य अतिथि हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि विधायक बसंत सोरेन होंगे। साथ ही संताल परगना के सांसद और विधायक को आमंत्रण किया जाएगा। इतना ही नहीं संताल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आतो मोड़ें होड़ को भी आमंत्रण किया जाएगा। मौके पर सुरेशचंद्र सोरेन, ठेकलाल मरांडी, राजीव बास्की, अमर मरांडी, निखिल मुर्मू, मोहन टुडू, सिकंदरा हेंब्रम, ईमेल मरांडी, सुशील मरांडी, लवकिशोर टुडू, शिवशंकर सोरेन, प्रेम हांसदा, लाइनन्दु मुर्मू, चंदू हेंब्रम, स्टेनली हेंब्रम, देवराज हांसदा, रविलाल टुडू, सनी टुडू, आर्यन हांसदा, सूर्या हांसदा, सुनील मरांडी आदि कई लोग मौजूद रहे।

### शराब लदा ट्रक ने दो गाड़ियों में मारी टक्कर



बेरमो। डुमरी के केबी मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार शराब लदा ट्रक आगे चल रही ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर। जबकि ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे गन्ना का जूस बेच रहे टेंपो में मारी टक्कर। जिसमें तीन लोग घायल हो गए है। जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। वहीं घटना के बाद शराब लदा ट्रक सहित गिट्टी लोड ट्रैक्टर पलट गया। इसके बाद आसपास के लोग शराब लूटने की होड मच गई हालांकि पुलिस की सतर्कता से लोगों को भगाया गया। वही सभी घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। जहां एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। जबकि पुलिस सभी वाहनों को जप्त कर थाने ले आई है और मामले की जांच में जुट गई है।

# बेरमो : सीसीएल प्रबंधन के रवैये के खिलाफ इनमोसा ने आंदोलन करने का लिया निर्णय

**इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसो. की बैठक संपन्न**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमोसा) की बैठक बुधवार को बीएंडके क्षेत्र के खास महल पीट आफिस मे आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजर अंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया।

प्रबंधन के रवैये के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी। लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। इससे इनमोसा सदस्यों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**क्या है मांग**

सीसीएल में माइनिंग सुपरवाइजर की कमी का दूर करने, माइनिंग सुपरवाइजरों को समयबद्ध प्रमोशन देने, सीसीएल की सभी समितियों में इनमोसा का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, सभी क्षेत्रों में सुपरवाइजरों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था करने, इनमोसा का सदस्यता शुल्क सैलरी से काटने का आदेश निर्गत करने, आउटसोर्सिंग के कार्यो के लिए अलग से सुपरवाइजरों की व्यवस्था करने आदि प्रमुख है। बैठक का संचालन यूनिट सचिव शैलेन्द्र कुमार ने किया।

बैठक में बीएंडके क्षेत्र के एरिया सेक्रेटरी डी पी मौर्या सहित विनय कुमार, एस एच पूर्ति, सुरेंद्र मंडल, जयदेव मंडल, भरत पासवान, अमित कुमार, नितेश शेखर, मेघनाद, श्रीकांत, कृष्ण चारी, रवि शंकर, खेलू महतो, राजेंद्र कुमार, कैलाश, भूषण मांझी, सिकंदर, वारिशकर, दीपक कुमार, बुधन सिंह, प्रगति प्रताप, अरुण सिंह, मनोज, देवेंद्र, शिशिर, अविनाश आदि कई सदस्य उपस्थित हुए।

### बोकारो में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक कार्यशाला आयोजित कर उसमें लोगों को डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जानकारी दी गई। इस वर्ष की थीम- साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए पर आधारित इस कार्यक्रम में इंटरनेट सुरक्षा और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने उपस्थित लोगों से इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि साइटें प्रामाणिक हों।

# जमीन विवाद में पागल बाबा बस के मालिक व बेटे पर जानलेवा हमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जमीन विवाद में पागल बाबा नाम के एक यात्री बस के मालिक 50 वर्षीय बालानंद झा और उनके बेटे सौरभ केशव पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दो जख्मी हो गए है। यह घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम हुई।

दोनों घायलों को इलाज के लिए देर शाम फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक होने की वजह से बालानंद को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हमले में शामिल अधिवक्ता रामफल लायक और दीपक दर्वे को हिरासत में लिया है। बालानंद के बेटे रजत ने बताया कि पिता ने जरमुंडी रेलवे स्टेशन में जमीन खरीदी है। दूसरे पक्ष के लोग उस जमीन के दो कट्ठे पर अपना हक जता रहे थे। घर के सभी लोग कुंभ जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी विरोध पक्ष के करीब दो दर्जन लोग जमीन पर पहुंच गए। पिता ने कहा कि अगर उनकी जमीन है तो दोनों पक्ष अपने अमीन को बुलाकर मापी करवा लेते हैं। विरोध पक्ष के लोग बातचीत का वीडियो बनाने लगे। भाई सौरभ ने मना किया तो उस पर लोहे के रॉड व लाठी-डंडे से हमला कर दिया। पिता ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों पिता और पुत्र ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचायी।

बुरी तरह से घायल बालानंद और उसके बेटे सौरभ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर,हमले के बाद विरोध पक्ष के आरोपी दीपक दर्वे व अधिवक्ता रामफल लायक दोनों की हालत जानने के लिए अस्पताल के पास ही पहुंचे थे कि बालानंद के परिजन और बस चालकों ने दोनों को पकड़ लिया। अस्पताल लाकर दोनों की धुनाई भी की गई, लेकिन सीसीटीवी की वजह से पीटना छोड़ दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

# झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने श्रम मंत्री संजय यादव से लगाई फरियाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** सदर प्रखंड के मड़ूवावरण स्थित श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के निजी आवास पर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में फरियाद लगाया है। इस क्रम में श्रम मंत्री से प्रदेश संरक्षक कुशवाहा द्वारा जिले सहित झारखंड प्रदेश के होमगार्ड के वस्तु स्थिति को रखते हुए अहम जानकारी दी गई। श्रम मंत्री यादव द्वारा संगठन के प्रतिनिधि मंडल से सकारात्मक वार्ता कर होमगार्ड के समस्याओं के निराकरण को लेकर आश्वासन दिया गया है। खासतौर पर गोड्डा जिले में होमगार्ड जवानों के डियुटी बढ़ाने को लेकर बेहतर पहल का भरोसा श्रम मंत्री की ओर से दिया गया है। उन्होंने अस्वस्थ कराया कि अभी दो माह मंत्री बनने से हुई है। मेरे ध्यान में है। बहुत ही जल्द संबंधित विभागों के प्रबंधक से बात कर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगें। उन्होंने कहा हमारी सरकार राज्य के गृह रक्षकों के प्रति कटिबद्ध है। श्रम मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री से इस पर बिशेष तौर पर पहल करने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश संरक्षक सह जिला प्रभारी कुशवाहा ने श्रम मंत्री यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं भी होमगार्ड परिवार से हूं और मुझे पता है कि डियूटी लेने में कितना होमगार्ड को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दौरान प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव मजबुल अंसारी, महिकान्त पासवान, विजय ठाकुर, गोपाल मांझी, विवेकानंद यादव, राजीव यादव, नंदलाल ठाकुर आदि शामिल थे।

**होमगार्ड संगठन ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन :** कुशवाहा ने बताया कि वार्ता के क्रम में एसोसिएशन की ओर से श्रम मंत्री को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। मांगो में मुख्य रूप से झारखंड राज्य के होमगार्ड की ड्यूटी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल राज्यों की तरह सुनिश्चित करने, झारखंड राज्य के होमगार्ड को बिहार राज्य के तर्ज पर कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ दिए जाने, झारखंड राज्य के होमगार्ड को कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने, होमगार्ड के प्रत्येक 4 वर्ष पर होने वाले पुनः नामांकन में संशोधन करने सहित गोड्डा जिला के अदानी पावर प्लांट, सदर अस्पताल, कृषि कॉलेज, मुख्य डाकघर आदि स्थानों पर होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति किए जाने आदि शामिल है।

# दुसाध कल्याण परिषद के बीएल पासवान ने स्थानीयता को परिभाषित करने पर दिया जोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीएल पासवान ने झारखंड की वर्तमान सरकार से स्थानीयता को जल्द परिभाषित करने की मांग की है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के गठन के पूर्व से यहां बिहार या अन्य प्रदेशों से आकर नौकरी-पेशा करने वाले या रहने वाले लोगों के बच्चों के भविष्य के लिए स्थानीयता के मुद्दे को महत्वपूर्ण बताया है।

उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य का निर्माण 15 नवम्बर 2000 को हुआ। उसके बाद विधानसभा राज्यसभा लोकसभा पंचायत चुनाव नगर निगम के चुनाव कई बार हुए जिसमें लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग कर माननीयों को विजयी बनाया जो राज्य के मंत्री से लेकर विभिन्न पदों पर सुशोभित होते रहे।

लेकिन दूसरे राज्यों से यहां आए लोगों या नौकरी पेशा करने वाले सरकारी कर्मी जो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं- वे स्थानीयता प्रमाण-पत्र के अभाव में अभी तक दर-दर भटक रहे हैं। पासवान ने कहा कि स्थानीयता के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में पीआईएल दायर किया गया लेकिन मुख्य रूप से पीआईएल नंबर 2919/02 जिसमें न्यायालय ने अपना अपना फैसला भी दिया। जिसके आधार पर पीआईएल नंबर 4080/02 दायर किया गया।

उक्त वाद में दिनांक 27.11.2002 को माननीय उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा कतिपय आदेश पारित किए गए और उक्त आदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित कर उनकी पहचान करने के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति गठित की गई थी और विचार विमर्श किया गया था। किन्तु कतिपय कारणों से इसे मूर्ति रूप नहीं दिया जा सका।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैंक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी की बैठक व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को आयोजित हुई। लोक अदालत नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 8 मार्च को आयोजित होगी। लोक अदालत शनिवार को सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित होगी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 8 जनवरी से ही प्रारंभ है। जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। इस बावत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाने का अपील किया है। इस संबंध में उन्होंने आज बैंक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी संग बैठक कर छोटे कर्जदारों के मामले में बैंक लचीला व्यवहार अपनाये एवं बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक बैंक लोन आदि आपसी सुलह समझौते से निपटारा करवाने का अपील किया।

# भारत और फ्रांस के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर

## प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा से भारत-फ्रांस संबंधों में मजबूती आई है। एआई सहयोग, परमाणु ऊर्जा और नवाचार सहित 10 समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों देशों ने भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 की शुरूआत की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत किया। द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में, भारत और फ्रांस ने पीएम मोदी की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान 10 समझौता समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर भारत-फ्रांस घोषणा, भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 के लिए लोगो का शुभारंभ और डिजिटल विज्ञान के लिए भारत-फ्रांस केंद्र की स्थापना शामिल है। पीएमओ के एक बयान के अनुसार, फ्रांसीसी स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी स्टार्टअप सुविधा के रूप में जाना जाता है। अन्य समझौता ज्ञापनों में उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर साझेदारी की स्थापना पर आशय की घोषणा शामिल है; परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), भारत और सीईए, फ्रांस के बीच ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (जीसीएनईपी) के साथ सहयोग के संबंध में समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण और जीसीएनईपी इंडिया और इंस्टीट्यूट फॉर न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएनएसटीएन) फ्रांस के बीच सहयोग के संबंध में भारत के डीएई और फ्रांस के सीईए के बीच एक समझौता। पीएमओ के बयान के अनुसार, दोनों देशों ने त्रिकोणीय विकास सहयोग पर एक संयुक्त आशय घोषणा पर भी हस्ताक्षर किए; मार्सिले में भारत के वाणिज्य दूतावास का एक संयुक्त उद्घाटन और पर्यावरण के क्षेत्र में पारिस्थितिकी संक्रमण, जैव विविधता, वन, समुद्री मामले और मत्स्य पालन मंत्रालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक आशय घोषणा।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने असाधारण रूप से मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मामलों पर द्विपक्षीय चर्चा की। उन्होंने संयुक्त रूप से मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर सुविधा का भी दौरा किया। पीएम मोदी ने फ्रांस द्वारा एआई एक्शन समिट के सफल आयोजन पर राष्ट्रपति मैक्रों को बधाई दी और फ्रांस ने अगले एआई समिट की मेजबानी के लिए भारत का स्वागत किया। बता दें कि यह पीएम मोदी की फ्रांस की छठी यात्रा थी, और जनवरी 2024 में भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की भारत यात्रा के बाद हुई है।

## परीक्षा पे चर्चा: एग्जाम के दौरान टेक्नोलॉजी और गैजेट्स के उपयोग पर छात्रों से चर्चा करेंगे एक्सपर्ट्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्लैगशिप प्रोग्राम 'परीक्षा पे चर्चा' की लोकप्रियता देश में तेजी से बढ़ती जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत अब इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स टेक्नोलॉजी और गैजेट्स की भूमिकाओं पर छात्रों से चर्चा करेंगे।

'परीक्षा पे चर्चा' के गुरुवार को आने वाले एपिसोड में एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट गौरव चौधरी छात्रों को गाइड करेंगे कि कैसे टेक्नोलॉजी को पढ़ाई में सहायक के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी, परीक्षा के दौरान गैजेट्स की भूमिका, छात्रों के बीच अधिक स्क्रीन समय जैसे विषय छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामने आने वाली सबसे बड़ी दुविधाओं में से एक हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि 13 फरवरी को गौरव चौधरी और राधिका गुप्ता हमारे परीक्षा पे चर्चा के तहत इस मुद्दे पर छात्रों से बातचीत करेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने परीक्षा के दौरान टेक्नोलॉजी और गैजेट की भूमिका पर आगामी एपिसोड के बारे में एक्स पर पोस्ट भी किया है।

मंत्रालय ने पोस्ट किया, 13 फरवरी को सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा के इस टेक और एआई संस्करण के लिए ट्यून इन करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने 10 फरवरी को दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण का शुभारंभ किया, पहले एपिसोड के दौरान सुंदर नर्सरी में छात्रों के साथ बातचीत की।


परीक्षा पे चर्चा 2025 के दौरान, पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि टेक्नोलॉजी सीखने का एक शक्तिशाली उपकरण है और छात्रों को इससे विचलित होने के बजाय इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे टेक्नोलॉजी से न डरें, बल्कि अपनी परीक्षा की तैयारी को बढ़ाने के लिए इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से आवश्यक स्क्रीन टाइम की सीमा निर्धारित करने और डिजिटल जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जो उनके शैक्षणिक विकास में योगदान देता है।

# पैक्स भी जल्द ही कर सकेंगी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश में रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रही प्राथमिक कृषि रिण समिति अब जल्द ही एयरलाइंस टिकटों की बिक्री भी करेंगी। श्री शाह ने आज यहां सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। समिति ने बैठक में सहकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापना के बाद से सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए पहले की गई और मौजूदा पहलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

श्री शाह ने कहा कि सरकार ने देश भर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देश भर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये हैं और आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां ये समिति उपलब्ध नहीं होंगी। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पैक्स को प्रासंगिक बनाने के लिए बनाए गये नियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि इन समितियों को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के गठन से सहकारी क्षेत्र में आने वाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, एकाउंटिंग और प्रशासन संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित जनसंसाधन उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोऑपरेटिव सेक्टर को कॉपोरेट सेक्टर के समान ही अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय, रिजर्व बैंक और आयकर विभाग के साथ मिलकर कॉपोरेट सेक्टर और कोऑपरेटिव सेक्टर के लिए टैक्स संरचना को एकसमान बनाने के लिए कदम उठाये हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े उद्यम कॉपोरेट जगत के साथ स्पर्धा के साथ आगे बढ़ेंगे और सरकार के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करेंगे। श्री शाह ने परामर्शदात्री समिति को बताया कि सहकारिता से जुड़े राष्ट्रीय फेडरेशनों के त्वरित विकास के लिए कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड , इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड , राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और अन्य फेडरेशनों के साथ रोडमैप बनाने पर कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी पैक्स रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रहे हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही ये भी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता के विकास में क्षेत्रीय असमानता को देखते हुए सरकार सभी राज्यों में एक समान संतुलित विकास के लिए विशेष कदम उठा रही है।


बैठक में समिति के सदस्यों ने देश में सहकारी समितियों का सशक्तीकरण करने संबंधी मुद्दों पर अपने सुझाव दिए और सरकार द्वारा देश की सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की सराहना की।

बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केन्द्रीय सहकारिता सचिव और सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# यूएनआई में निवेश के प्रस्ताव पर एनसीएलटी की मुहर

## प्रतिष्ठित समाचार एजेंसी का होगा कायाकल्प

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) की ऋण समाधान योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी और इसके साथ ही देश की सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय समाचार एजेंसियों में से एक यूएनआई वर्षों तक गंभीर वित्तीय संकट से जूझने के बाद अब अपना कायाकल्प करने जा रही है।

दिवाला एवं ऋण-शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत 64 साल पुरानी इस कंपनी के लिए प्रस्तुत समाधान योजना में निवेश के पर्याप्त प्रावधान हैं। इस योजना की स्वीकृति से इसके सैकड़ों पत्रकारों सहित लगभग 900 सेवारत और पूर्व कर्मचारियों को बड़ी राहत और खुशी मिलेगी। यूएनआई के लिए नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) पूजा बाहरी ने कहा, आज देश में आईबीसी प्रक्रिया के तहत समाधान का एक इतिहास रच दिया गया है, क्योंकि माननीय एनएलसीटी ने यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) को पुनर्जीवित करने के लिए द स्टेट्समैन लिमिटेड की ओर से प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है।

सुश्री बाहरी को न्यायाधिकरण ने 19 मई, 2023 को कंपनी की समाधान प्रक्रिया लाने के कार्य के साथ नियुक्त किया था। दिवालियापन के मामलों की अनुभवी सुश्री बाहरी ने कहा, आईबीसी क्या हासिल कर सकता है...यूएनआई (मामला) इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है। आईबीसी का मुख्य उद्देश्य ही दिवालियापन में फंसी कंपनियों का का पुनरुद्धार और उनके परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करना है, इस मामले में अंततः यह लक्ष्य हासिल हो गया है। उन्होंने कहा कि यूएनआई दशकों से अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है, यह इस सुंदर कानून (आईबीसी) की वजह से ही संभव हो पाया है कि हम ऐतिहासिक महत्व वाली इस संस्था (यूएनआई) के 'पुनरुत्थान' और 'समाधान' का आदेश प्राप्त कर सके हैं। यूएनआई फिर से सफलता के शिखर को छू सकती है और यही आईबीसी की असली ताकत है। उन्होंने इस बात को रखांकित किया कि देश की इस दूसरी सबसे बड़ी समाचार एजेंसी के सफल पुनरुद्धार में 900 से अधिक परिवारों की हिस्सेदारी है, जो फोटो सेवा के अलावा अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषाओं में सैकड़ों अन्य मीडिया संगठनों और अन्य संस्थाओं को समाचार प्रेसित करती है। सुश्री बाहरी ने कहा, ह्य आज, भगवान की कृपा और कर्मचारियों और विभिन्न हितधारकों के महती प्रयासों और सहयोग से, हमने इतिहास रच दिया है।

एनसीएलटी ने सुश्री बाहरी को यूएनआई के मामले में आरपी नियुक्त कर संभावित निवेशकों को आईबीसी कानून के अनुसार कंपनी के पुनरोद्धार के लिए जरूरी धन लगाने के लिए आमंत्रित करने का काम सौंपा था।

आरपी ने इस प्रक्रिया के सफल समापन के बारे में कहा, इसमें बहुत मेहनत लगी है हमने कई बाधाओं को पार किया। इस तरह की सफलता की कहानी उन सिद्धांतों में हमारे विश्वास को मजबूत कर सकती है जिन पर आईबीसी को स्थापित किया गया था। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि सच्चे मूल्यों, नैतिकता और नैतिकता और सही इरादे के साथ, हम असंभव को प्राप्त कर सकते हैं। सुश्री बाहरी ने कहा, कई लोगों को लगता है कि आईबीसी अन्य पिछले कानूनों की तरह अप्रासंगिक हो सकती है, लेकिन मेरा दृढ़ विश्वास है कि यूएनआई जैसी संस्थाओं का पुनर्जीवित होना इस इस अनूठे कानून की खूबसूरती को प्रदर्शित करता है।

यूएनआई जैसी संस्थाओं के उद्धार होने तक आईबीसी एक महत्वपूर्ण कानून बना रहेगा। यूएनआई के संबंध में सफल समाधान प्रक्रिया का तात्पर्य है कि इससे न केवल अभी, बल्कि आने वाले कई दशकों तक हजारों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वर्ष 1961 में स्थापित यूएनआई एक दशक से अधिक समय से गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही थी, बावजूद इसके यह समाचार एजेंसी वर्तमान में देश भर में अपने 600 से अधिक मीडिया आउटलेट और अन्य संस्थाओं को समाचार और फोटो सेवाएं दे रही है जो एजेंसी के स्थायी ग्राहक हैं।

यूएनआई एशिया की एकमात्र विश्वसनीय समाचार एजेंसी है, जो उर्दू भाषा में भी सेवा प्रदान करती है और इस भाषा के अधिकांश समाचार पत्र और समाचार वेबसाइट यूएनआई पर निर्भर हैं।

## एक नजर में

### टोरेंट समूह का गुजरात टाइटन्स में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए करार

**नयी दिल्ली।** टोरेंट समूह ने खेल क्षेत्र में कदम रखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए इरेलिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक निर्णायक समझौता किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि यह लेन-देन नियामकीय स्वीकृतियों और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी सहित कुछ शर्तों के अधीन है। इस सौदे के तहत इरेलिया कंपनी फ्रेंचाइजी में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी, जिससे वह एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक भागीदार बनी रहेगी।

### ईडी ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की है। ईडी की ओर से कहा गया है कि पूर्व की सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे अनिल कुमार प्रजापति की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत की है। यह राशि मुंबई के वाडाला में स्थित 'वट्' प्रोजेक्ट में एक फ्लैट की बुकिंग के तौर पर मेसर्स बालाजी कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में जमा थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने इससे पहले कार्रवाई करते हुए गायत्री प्रसाद प्रजापति और उनके परिवारिक सदस्यों करीबियों की करीब 50 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जब्त कर चुकी है।

### मिल्कीपुर के नव निर्वाचित विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के नव निर्वाचित विधायक चन्द्रभानु पासवान ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित विधायक की मुख्यमंत्री से यह पहली मुलाकात है। मिल्कीपुर के चुनाव प्रबंधन में मुख्यमंत्री ने स्वयं बागडोर संभाल रखी थी। प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों सहित प्रदेश के कई पदाधिकारियों ने लगातार मिल्कीपुर में कैम्प किया था। विधायक चन्द्रभानु पासवान के अनुसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को साथ लेकर चलने की नसीहत दी। क्षेत्रवासियों के विकास के लिए बिना भेदभाव कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहना उनकी प्राथमिकता है।

### मध्य प्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत में अग्रणी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मध्य प्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत का अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ अब व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई दूरदर्शी सुधार लागू किए हैं। यह पहल राज्य को न केवल देश के भीतर, बल्कि वैश्विक निवेश मानचित्र पर भी प्रमुख स्थान दिला रही है। राज्य सरकार ने व्यापारिक माहौल को अनुकूल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, डिजिटल अप्रूवल प्लेटफॉर्म, और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सेवाओं को लागू किया है।

### करोड़ों लोगों का आना, त्रिवेणी में डुबकी लगाना ही सनातन की सबसे बड़ी ताकत : सुनील शेट्टी



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में जिस तरह की व्यवस्था की गई है, वह अद्भुद एवं दिव्य है। करोड़ों लोगों का आना और मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाना वाकई ये सनातन की ही ताकत है। हर घंटे लाखों लोगों द्वारा डुबकी लगाकर निकल जाना। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं हो सकती। महाकुम्भ में आना और गंगा में डुबकी लगाना मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल है। यह बात बुधवार को संगम में डुबकी लगाने के बाद देश के प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार सुनील शेट्टी ने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही सोचा कि प्रयागराज चल कर महाकुम्भ में शामिल हो सकें तो अच्छा रहेगा। जिसके लिए उन्होंने पांच-छह दोस्तों से बात की। फिर उत्तर प्रदेश सरकार के कैविनेट मंत्री नन्दी से बात हुई। उनके माध्यम से ऐसी व्यवस्था हुई कि सब कुछ आसानी से हो गया। एक कहावत है न कि गंगा नहा लिया, वाकई में आज मैंने यहां आकर यह अनूभूति की। उन्होंने प्रयागराज आने वाले करोड़ों भारतवासियों के प्रति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा के साथ ही त्रिवेणी संगम को नमन किया। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ लोगो ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी, एक महीने बाद घर लौटने लगे कल्पवासी

एजेंसी

- 46 करोड़ से ज्यादा अब तक लगा चुके संगम में डुबकी
- श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से बरसाए गए 25 क्विंटल फूल
- लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से कर रहे मॉनिटरिंग
- सुरक्षा के चाक चौबंद बंदोबस्त, चप्पे चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात
- बेहतर प्रबंधन के लिये 15 जिलों के जिलाधिकारी, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। बुधवार को गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के संगम तट पर देश-दुनिया के हर कोने से आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रयागराज की सड़कें चहुंदिश श्रद्धा पथ में तब्दील हो गईं। देश-दुनिया भर से संतों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों का सागर उमड़ा तो लगभग 6 किमी लंबे संगम तट पर कहीं तिल रखने भर की जगह नहीं बची। हर हर महादेव, जय गंगा मैया के गगनभेदी जयघोष के बीच कोई हाथों में ध्वज लिए संगम की ओर दौड़ता रहा तो कोई दंड-कमंडल, मनका लिए हुए लपकते पांवों से बढ़ता रहा। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल भी बरसाए गए।

**मंगलवार रात से ही भर गये घाट :** संगम तट पर माघ पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा-यमुना के घाटों पर श्रद्धालुओं का खचाखच जमावड़ा मंगलवार रात से ही शुरू हो गया था। भीड़ प्रबंधन के चलते मेला क्षेत्र में वाहनों की आवाजा रोक दिए जाने की वजह से सड़कें हर तरफ पैदल पथ में तब्दील हो गईं। सिर पर गठरी, कंधे पर झोला हाथों में बच्चों और महिलाएं अपनों का हाथ थामे लोग संगम तट की ओर लंबे डग भरते रहे। फाफामऊ से अरैल के बीच संगम के लंबे दोनों तटों पर बने स्नान घाटों पर दो बजे रात से ही डुबकी लगनी शुरू हो गई। संगम तट की रेती पर बिछे पुआलों पर दूर-दराज से आए लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहले से स्नान की प्रतीक्षा करते-करते सो गए थे।

**कल्पवास का समापन :** पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ त्रिवेणी की रेत पर शुरू हुआ कल्पवास का माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ समापन हो गया। ब्रह्म मुहूर्त में त्रिवेणी में माघ पूर्णिमा की डुबकी लगाकर कल्पवासी अपने शिविर पहुंचे। कल्पवासियों ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में विधि विधान से दान और हवन का अनुष्ठान पूरा किया। तीर्थ पुरोहित अमित आलोक पाण्डेय बताते हैं कि वैसे तो शास्त्र में 84 तरह के दान का उल्लेख है, लेकिन जिसकी जो श्रद्धा होती है उसका दान तीर्थ पुरोहित स्वीकार कर लेते हैं। शैया दान, अन्न दान, वस्त्र दान और धन दान आदि का अनुष्ठान माघ पूर्णिमा को किया जाता है। किसी कारण वश अगर कोई कल्पवासी माघ पूर्णिमा को यह अनुष्ठान पूरा नहीं कर पाता है तो वह अगले दिन त्रिजटा का स्नान कर यहां से विदा हो जाता है। माघ पूर्णिमा में दस लाख से अधिक कल्पवासी महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर यहां से प्रस्थान कर गए।

**46 करोड़ से ज्यादा कर चुके स्नान :** महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इससे पहले 4 स्नान पर्व हो चुके हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक, बुधवार शाम 6 बजे तक 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। 13 जनवरी से अब तक करीब 46.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा। इससे पहले बसंत पंचमी के दिन करीब 2.57 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई थी। यह स्नान महाकुम्भ के तीसरे अमृत स्नान के रूप में हुआ था। अनुमान है कि बुधवार को 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

**ट्रैफिक प्लान में बदलाव :** प्रयागराज जाने वाले रास्तों में जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया। शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। महाकुम्भ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुम्भ सेंटर को बंद कर दिया गया है।

**सुरक्षा की चाक चौबंद इंतजाम :** संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है।

भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के जिलाधिकारी, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं। इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अफसर भी हैं।

**रेलवे ने 190 ट्रेनें चलाई :** रेलवे की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक यात्रियों की सुविधा के लिए 190 ट्रेनें चलाई गईं। कुल 9.46 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इससे पहले 11 फरवरी को 343 गाड़ियां चलाई गईं। 14.69 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। अयोध्याधाम, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर जाने के लिये हर आधे घंटे में मेला स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा के? लिये प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज के अन्य रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे कर्मचारी यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का खास ख्याल रख रहे हैं। प्लेटफार्मों पर आकस्मिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध है।

**सुरक्षित तरीके से हो रहा स्नान :** प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार ने कहा कि माघी पूर्णिमा का स्नान कल रात से ही सुरक्षित तरीके से हो रहा है। श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। 322 से अधिक सिविल अधिकारी और 9 हजार से अधिक बल तैनात हैं। 60 से अधिक आरएएफ कंपनियां तैनात हैं, ट्रैफिक पुलिस भारी संख्या में तैनात है। अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं, अफवाहों पर ध्यान न दें। मेला स्पेशल ट्रेन और अन्य ट्रेनें सामान्य रूप से चल रही हैं। यह एक ऐतिहासिक अवसर है। मुख्यमंत्री और प्रशासन के निर्देश पर हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं कि लोगों को कोई परेशानी न हो। पिछले कुछ दिनों में जो ट्रैफिक जाम की समस्या थी, उसके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।